MUMBAI TARANG

संपादक : दिलीप नानजीभाई पटेल ❖ उप संपादकः किरीट अमृतलाल चावड़ा ❖ वर्ष-03 ❖ अंक-39 ❖ मुंबई ❖ रविवार 18 से 24 सितंबर 2022 ❖ पृष्ठ-8 ₹4/-

RNI No. MAHHIN/2020/78591
Postal Reg. No. MNW/354/2020-2022

# मुंबई तरंग



www.mumbaitarang.com

पेज 3



जुर्माना से बचने के लिए लगाया फर्जी नंबर प्लेट

पेज 5



डॉक्टर बनने का सपना छोड़ सीए बनी खुशबू सांघवी सामाजिक कार्यों में भी आगे

पेज 7



रणवीर सिंह के न्यूड फोटो के साथ की गयी थी छेड़छाड़

पेज 8



डॉ कृष्णा चौहान 2 अक्टूबर को आयोजित करने जा रहे हैं "महात्मा गांधी रत्न अवार्ड 2022"

## एक नजर

### टियागो का ई माडल

नई दिल्ली। घरेलू वाहन विनिर्माता टाटा मोटर्स इस महीने के अंत में अपनी कार टियागो का इलेक्ट्रिक संस्करण पेश करेगी। टाटा मोटर्स ने शुक्रवार को विश्व इलेक्ट्रिक वाहन दिवस पर कहा कि नेक्सन और टिगोर के बाद टियागो ईवी इलेक्ट्रिक श्रेणी में कंपनी का तीसरा उत्पाद होगी। टाटा मोटर्स ने अगले पांच वर्षों में बिजली से चलने वाले 10 इलेक्ट्रिक माडल पेश करने का लक्ष्य रखा है। टाटा मोटर्स यात्री वाहन के प्रबंध निदेशक शैलेश चंद्र ने कहा, 'आज हमारे लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है।

### अर्बन क्रूजर की कीमत तय

नई दिल्ली। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने शुक्रवार को कहा कि उसके स्पोर्ट्स यूटिलिटी वाहन (एसयूवी) अर्बन क्रूजर हायरायडर के शीर्ष चार ट्रिम्स की शोरूम कीमत 15.11 लाख रुपए से 18.99 लाख रुपए के बीच है। मजबूत सेल्फ-चार्जिंग हाइब्रिड तकनीक वाले तीन ट्रिम्स की कीमत क्रमशः 15.11 लाख रुपए, 17.49 लाख रुपए और 18.99 लाख रुपए है। आटोमैटिक ट्रांसमिशन के साथ मध्यम हाइब्रिड पावरट्रेन और 1.5-लीटर पेट्रोल इंजन वाले संस्करण की कीमत 17.09 लाख रुपये है। सभी कीमतें शोरूम की हैं और इनमें अन्य शुल्क शामिल नहीं हैं।

### एएमपी नए क्षेत्र में उतरी

नई दिल्ली। एएमपी एनर्जी ने सौर सेल और मॉड्यूल विनिर्माण के क्षेत्र में उतरने की शुक्रवार को घोषणा की। इसके साथ ही वेबसोल एनर्जी सिस्टम्स के साथ संयुक्त उपक्रम बनाने की योजना की भी जानकारी दी। कंपनी ने एक बयान में कहा, 'एएमपी एनर्जी इंडिया ने 1.2 गीगावाट (1,200 मेगावाट) तक के मोनोक्रिस्टेलिन पीईआरसी सौर सेल एवं माड्यूल के विनिर्माण और उत्पादन के लिए वेबसोल एनर्जी सिस्टम्स लिमिटेड के साथ संयुक्त उपक्रम बनाने की घोषणा की है।' इन सेल का विनिर्माण पश्चिम बंगाल के फाल्टा में वेबसोल की मौजूदा इकाई में होगा।

### इस्मा के नए डीजी

नई दिल्ली। चीनी उद्योग संगठन इस्मा ने शुक्रवार को एस. मोहंती को अपना नया महानिदेशक नियुक्त करने की घोषणा की। भारतीय चीनी मिल संघ (इस्मा) ने बयान में कहा कि इस्मा की मुख्य समिति ने अपनी पहली बैठक में मोहंती को संगठन के नए महानिदेशक के रूप में नियुक्त करने का निर्णय लिया है। मोहंती 15 अक्टूबर 2022 से पहले पद ग्रहण कर लेंगे। इस्मा ने अप्रैल के अंत में कहा था कि उसके महानिदेशक अविनाश वर्मा ने 27 अप्रैल को अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। मोहंती आईएसडब्ल्यूएआई में महासचिव थे।

# मराठवाड़ा क्षेत्र के लोगों को साधने में जुटे एकनाथ शिंदे

## बोले- जल्द पूरा होगा विकास कार्य

**महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि उनकी सरकार मराठवाड़ा क्षेत्र में विभिन्न विकास परियोजनाओं पर कार्य करेगी और समय समय पर इनकी समीक्षा भी करेगी.**

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने शनिवार को कहा कि उनकी सरकार राज्य के मराठवाड़ा क्षेत्र में विभिन्न विकास परियोजनाओं पर कार्य करेगी और इन कार्यों की समय-समय पर समीक्षा की जाएगी. शिंदे औरंगाबाद शहर में 'हैदराबाद मुक्ति दिवस' (जिसे मराठवाड़ा मुक्ति संग्राम दिन के नाम से भी जाना जाता है) की वर्षगांठ के कार्यक्रम में शामिल होने आए थे, जहां उन्होंने तिरंगा फहराया. हैदराबाद का भारतीय संघ में विलय करने के लिए भारतीय सेना ने निजाम को हराया था. तभी से भारत के साथ मराठवाड़ा के एकीकरण की वर्षगांठ 'मराठवाड़ा मुक्ति संग्राम दिन' के रूप में मनाई जाती है.



**मराठवाड़ा क्षेत्र का किया जा रहा विकास**

इस अवसर पर लोगों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, "सरकार मराठवाड़ा क्षेत्र में विभिन्न विकास कार्य कर रही है और इन कार्यों की समय-समय पर समीक्षा की जाएगी." उन्होंने कहा, "हम एलोरा में घृष्णेश्वर मंदिर में विकास कार्य करेंगे. सरकार एक खेल विश्वविद्यालय की स्थापना, औरंगाबाद में पैठण गार्डन और संग्रहालय के नवीनीकरण, जालना और औरंगाबाद में पानी की पाइपलाइन योजनाओं एवं अन्य परियोजनाओं के कार्यान्वयन को लेकर भी सकारात्मक है. अधिकारियों को औरंगाबाद में शिवसेना संस्थापक बाल ठाकरे के स्मारक के काम में तेजी लाने के भी निर्देश दिए गए हैं."

**हैदराबाद मुक्ति दिवस पर होगा कार्यक्रम**

कार्यक्रम के बाद मुख्यमंत्री ने कहा, "हैदराबाद मुक्ति दिवस के उपलक्ष्य पर तीन राज्यों (17 सितंबर 1948 तक निजाम शासन का हिस्सा रहे तेलंगाना, महाराष्ट्र और कर्नाटक) के लिए एक राष्ट्रीय स्तर का कार्यक्रम आज हैदराबाद में होगा. सूखे की स्थिति से उत्पन्न होने वाली क्षेत्र की समस्याओं को कम करने के मकसद से समुद्र में जाने वाले पानी को मराठवाड़ा की ओर मोड़ने के लिए एक परियोजना शुरू की गई है." सीएम शिंदे ने कहा कि सरकार ने राज्य में औद्योगिक भूखंडों के आवंटन पर रोक नहीं लगाई है. उन्होंने कहा, "उद्योगों को भूखंडों के आवंटन पर रोक के बारे में ऐसा कोई निर्णय नहीं लिया गया है. समीक्षा की गई है. सरकार यहां आने वाले निवेशकों को अधिकतम सेवा देने के लिए प्रतिबद्ध है."

**वापस मंगाया जा रहा भूमि आवंटन को मंजूरी देने वाली फाइल**

वह इन रिपोर्ट संबंधी सवाल पर प्रतिक्रिया दे रहे थे कि सरकार ने एक जून, 2022 के बाद आवंटित एमआईडीसी भूखंडों पर रोक लगाने का आदेश दिया है और अधिकारियों से किए गए आवंटन की समीक्षा करने के लिए कहा है. बाद में, महाराष्ट्र विधान परिषद में विपक्ष के नेता अंबादास दानवे ने कार्यक्रम स्थल पर पत्रकारों से कहा, "राज्य सरकार ने इस साल एक जून से औद्योगिक भूखंडों के आवंटन पर रोक लगा दी है. भूमि आवंटन को मंजूरी देने वाली फाइल को भी वापस मंगाया जा रहा है. राज्य उद्योग विभाग में कोई अन्य काम नहीं हो रहा है."

**शिवसेना ने कहा यह कदम हानिकारक**

शिवसेना नेता ने कहा, "यह कदम (राज्य के लिए) हानिकारक है. इस तरह की कार्यप्रणाली निवेश के महाराष्ट्र से बाहर जाने के लिए जिम्मेदार है." दानवे ने कहा कि मुख्यमंत्री शिंदे द्वारा आज घोषित विकास कार्य या तो पहले से ही हो रहे हैं या पिछले महा विकास आघाडी (एमवीए) सरकार द्वारा घोषित किए गए थे.

# जॉनसन एंड जॉनसन का बेबी पाउडर नवजात शिशुओं की त्वचा के लिए हानिकारक!

## महाराष्ट्र एफडीए ने किया लाइसेंस रद्द

मुंबईः महाराष्ट्र के खाद्य एवं औषधि प्रशासन (एफडीए) ने जन स्वास्थ्य के हित में जॉनसन एंड जॉनसन प्राइवेट लिमिटेड का बेबी पाउडर निर्माण लाइसेंस रद्द कर दिया है। राज्य सरकार की एजेंसी ने शुक्रवार को जारी एक विज्ञप्ति में कहा कि कंपनी का उत्पाद जॉनसन बेबी पाउडर नवजात शिशुओं की त्वचा को प्रभावित कर सकता है। नियामक ने कहा कि शिशुओं के लिए पाउडर के नमूने प्रयोगशाला जांच के दौरान मानक पीएच मान के अनुरूप नहीं थे। विज्ञप्ति में कहा गया है कि कार्रवाई कोलकाता स्थित केंद्रीय औषधि प्रयोगशाला की निर्णायक रिपोर्ट के बाद की गई थी, जिसमें निष्कर्ष निकाला गया था कि 'पाउडर का नमूना पीएच जांच



के संबंध में आईएस 5339:2004 के अनुरूप नहीं है।' विज्ञप्ति के अनुसार, एफडीए ने गुणवत्ता जांच के उद्देश्य से पुणे और नासिक से जॉनसन के बेबी पाउडर के नमूने लिए थे। सरकारी विश्लेषक ने नमूनों को ''मानक गुणवत्ता के अनुरूप नहीं'' के रूप में घोषित किया था क्योंकि वे पीएच जांच में शिशुओं के त्वचा पाउडर के लिए आईएस 5339:2004 की विशिष्टता का पालन नहीं करते हैं। विज्ञप्ति में कहा गया है कि इसके बाद, एफडीए ने जॉनसन एंड जॉनसन को औषध एवं प्रसाधन अधिनियम, 1940 और नियमों के तहत एक कारण बताओ नोटिस जारी किया, इसके अलावा कंपनी को उक्त उत्पाद के भंडार को बाजार से वापस लेने के निर्देश जारी किए।कंपनी ने सरकारी विश्लेषक की ''रिपोर्ट को स्वीकार नहीं किया'' और इसे केंद्रीय औषधि प्रयोगशाला में भेजने के लिए अदालत में चुनौती दी है।

# मुंबई के सौंदर्यीकरण का 50 प्रतिशत काम पूरा दिसंबर तक पूरा करने का निर्देश

## मुख्यमंत्री के आदेशों पर मनपा आयुक्त काम पर लगे



मुंबई। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के आदेश पर मनपा आयुक्त इकबाल सिंह चहल मुंबई के सौंदर्यीकरण करने पर जुट गई है। मनपा आयुक्त इकबाल सिंह चहल ने शुक्रवार को अपने अधिकारियों की बैठक लेकर दिसंबर आखिरी तक सौंदर्यीकरण के काम का 50 प्रतिशत काम पूरा करने का निर्देश दिया है। बकाया सौंदर्यीकरण का काम मार्च 2023 तक पूरा करने का निर्देश दिया है। मनपा आयुक्त इकबाल सिंह चहल ने मुंबई की सड़को, फुटपाथ, ब्रिज, समुद्री किनारे, जंक्शन और गार्डेन सहित सार्वजनिक स्थानों का सुशोभीकरण करने के काम का 50 प्रतिशत काम दिसंबर आखिरी तक पूरा करे। मनपा आयुक्त इकबाल सिंह चहल अतिरिक्त आयुक्त अश्विनी भिड़े,पी वेलरासु, विभागीय संयुक्त आयुक्त, उपायुक्त, सहायक आयुक्त एवं लेखा प्रमुख आदि की बैठक लेकर सौंदर्यीकरण के कामों को तत्काल पूरा करने का निर्देश दिया। मनपा आयुक्त ने अपने अधिकारियों को निर्देश दिया कि दिसंबर आखिरी तक 50 प्रतिशत पूरा काम पूरा करे और बकाया काम मार्च तक पूरा करें। मनपा आयुक्त ने मुंबई महानगर की सुंदर और आकर्षक बनाने और मुंबई के नागरिकों को सुखद अनुभव देने के लिए गुणवत्ता पूर्ण कार्य किया जाना चाहिए। इससे महानगर की राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय छवि भी ऊपर उठनी चाहिए।

# दिसंबर तक मुंबई में प्रवेश करेंगी 800 वातानुकूलित बसें




मुंबई। यात्रियों को यात्रा में अच्छी सुविधा उपलब्ध बनाने के लिए दिसंबर तक 800 वातानुकूलित बसें मुंबई में प्रवेश करेंगी। यात्रियों को सुविधा देने के लिए बसों को भाड़े अपर लिया जा रहा है। इसमें सिंगल डेकर , डबल डेकर और प्रीमियम बसें शामिल हैं। बेस्ट प्रशासन ने अपने ऊपर भार न लेते हुए यात्रियों को सुविधा देने के लिए मालिक बनने के बजाय पट्टे पर लेने का निर्णय लिया है। वर्तमान में बेस्ट बड़े में डीजल, सीएनजी, इलेक्ट्रिक बसों के साथ-साथ हाइब्रिड बसें भी सुविधा के लिए उपलब्ध हुई हैं। बेस्ट के बेड़े में कुल तीन हजार 672 बसें है जिनमें से एक हजार 836 बसें बेस्ट की खुद की है जबकि बकाया सभी बस भाड़े पर ली गई बस है। बेस्ट प्रशसन का कहना है कि यात्रियों को सुविधा देने के लिए बसों की संख्या बढ़ाकर दस हजार की जाएगी जिसके लिए हर प्रयत्न किया जा रहा है। जिसके तहत दिसंबर 2022 तक बेड़े में 800 वातानुकूलित बसें शामिल करने का निर्णय लिया गया है। इनमें से 200 आरामदायक प्रीमियम बसें हैं ।इसके साथ ही 100 डबल डेकर बसें और शेष 12 मीटर लंबी सिंगल डेकर बस है। यह सभी वातानुकूलित बसें हैं।

महाराष्ट्र शासन | स्वातंत्र्याचा अमृत महोत्सव



श्री. नरेंद्र मोदी
मा. पंतप्रधान



राष्ट्रपिता
महात्मा गांधी

राष्ट्रनेता ते राष्ट्रपिता
सेवा पंधरवडा
(१७ सप्टेंबर ते २ ऑक्टोबर)

नागरिकांच्या प्रलंबित अर्जांचा स्थानिक पातळीवर निपटारा करण्यासाठी
विशेष मोहीम





१० सप्टेंबर पर्यंतच्या अर्जांचा निपटारा
आपले सरकार, नागरी सेवा केंद्र व इतर वेबपोर्टलवरील प्रलंबित अर्जांचा जलदगतीने निपटारा.

याशिवाय विविध विभागांच्या खालील १४ सेवांचा समावेश

| | | | |
|---|---|---|---|
| १) | अतिवृष्टीग्रस्त शेतकऱ्यांना नवीन शासन निर्णयानुसार मदत निधीचे वितरण | ९) | प्रलंबित घरगुती विद्युत जोडणीस मंजुरी |
| २) | पंतप्रधान किसान सन्मान निधीचा प्रलंबित पात्र लाभार्थ्यांना लाभ | १०) | मालमत्ता हस्तांतरणानंतर विद्युत जोडणीमध्ये नवीन मालमत्ताधारकाचे नाव. |
| ३) | फेरफार नोंदींचा निपटारा | ११) | बिरसा मुंडा कृषी क्रांती योजने अंतर्गत सिंचन विहिरीकरिता अनुसूचित जमातीच्या लाभार्थ्यांची ऑनलाईन नोंदणी |
| ४) | शिधापत्रिकांचे वितरण | | |
| ५) | विवाह नोंदणी प्रमाणपत्र | १२) | अनुसूचित जमातीच्या लाभार्थ्यांना प्रलंबित वन हक्क पट्टे मंजूर करणे |
| ६) | मालमत्ता हस्तांतरण नोंद | १३) | दिव्यांगांना प्रमाणपत्र |
| ७) | नव्याने नळ जोडणी | १४) | नॉन क्रिमीलेअर प्रमाणपत्र |
| ८) | मालमत्ता कराची आकारणी करणे व मागणी पत्र | | टीप : सेवा पंधरवड्याचे आयोजन करताना ज्या भागात निवडणूक आचारसंहिता लागू असेल तेथे आचारसंहितेचे पालन करण्याबाबत आवश्यक ती कार्यवाही करावी.(सा.प्र.वि. दि. १२/९/२०२२ रोजीचे पत्र) |

सेवा | कर्तव्य | साधना

श्री. एकनाथ शिंदे
मा. मुख्यमंत्री

श्री. देवेंद्र फडणवीस
मा. उपमुख्यमंत्री

माहिती व जनसंपर्क महासंचालनालय, महाराष्ट्र शासन

# स्टूडेंट्स को तंग न करें



रूसी हमले के बाद यूक्रेन से वापस लौटे भारतीय मेडिकल स्टूडेंट्स की समस्याएं जैसे खत्म होने का नाम नहीं ले रहीं। बीच में ही पढ़ाई छोड़ आने को मजबूर इन स्टूडेंट्स के सामने सबसे बड़ी चुनौती यही थी कि वे अपना कोर्स कैसे पूरा करें। उसके बगैर उनका कोई करियर नहीं हो सकता। लंबे इंतजार के बाद इस महीने नैशनल मेडिकल कमिशन (एनएमसी) से उन्हें यह इजाजत मिली कि वे यूक्रेन के विश्वविद्यालयों से अपना ट्रांसफर दुनिया के किसी भी विश्वविद्यालय में करवा सकते हैं। यह उन स्टूडेंट्स के लिए एक बड़ी राहत है। लेकिन सिर्फ कागजों पर। इसे अमल में लाने के लिए जरूरी है कि यूक्रेन के विश्वविद्यालय इनका ट्रांसफर करें और उन्हें उनके ओरिजिनल दस्तावेज सौंपें। मगर इन विश्वविद्यालयों का रवैया न सिर्फ बेतुका बल्कि अमानवीय है। कई संस्थानों ने इन स्टूडेंट्स का ट्रांसफर का अनुरोध सीधे तौर पर खारिज कर दिया है। उनका कहना है कि अब देश में हालात ठीक हैं और इसलिए उन स्टूडेंट्स को वापस आकर कॉलेज जॉइन करना चाहिए। जिन




यूनिवर्सिटी और इंस्टिट्यूट्स ने ऐसा मनमाना आदेश जारी नहीं किया और इच्छुक स्टूडेंट्स का ट्रांसफर करना सैद्धांतिक रूप से स्वीकार कर लिया है उनकी तरफ से भी ऐसी ऐसी शर्तें लगाई जा रही हैं जिन्हें पूरा करना मौजूदा हालात में लगभग नामुमकिन है। उदाहरण के लिए, कई यूनिवर्सिटी कह रही हैं कि इन स्टूडेंट्स को तब तक उनके ओरिजिनल पेपर्स नहीं दिए जा सकते, जब तक वे लाइब्रेरी से ली गई किताबें और कॉलेज की अन्य संपत्ति खुद आकर वापस नहीं करते। सचाई यह है कि जिन स्थितियों में ये स्टूडेंट्स वहां से स्वदेश लौटे उनमें यह संभव ही नहीं था कि वे सारा सामान साथ ले आते। मिनिमम सामान के साथ जान बचाते हुए निकल आना ही उस समय संभव था और सबने ऐसा ही किया भी। ये स्टूडेंट्स कह भी रहे हैं कि सारा सामान वे ज्यों का त्यों हॉस्टलों में छोड़ आए।

अब कहां वे किताबें ढूंढें और कैसे वापस करें।

बाकी औपचारिकताओं के लिए भी स्टूडेंट्स से खुद वहां आने के लिए के लिए कहा जा रहा है।

ध्यान रहे रूस-यूक्रेन युद्ध अभी समाप्त नहीं हुआ है। जाहिर है, इन यूनिवर्सिटीज का मकसद ट्रांसफर मामले को अधिक से अधिक अटकाए रखना है ताकि स्टूडेंट्स उनके यहां बने रहें और यूनिवर्सिटी को उनसे होने वाली कमाई बंद न हो। लेकिन यह वक्त ऐसा है जिसमें यूनिवर्सिटी को अपनी कमाई से ऊपर उठकर स्टूडेंट्स के भविष्य के लिहाज से सोचना चाहिए। अगर यूनिवर्सिटी स्वेच्छा से ऐसा नहीं करतीं तो राजनयिक और जरूरत पड़े तो राजनीतिक स्तर पर भी यह मसला उठाया जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि इसका सरल और व्यावहारिक उपाय जल्द से जल्द निकले।

# कांग्रेस को झटका


किरीट ए. चावड़ा

आखिर गोवा में कांग्रेस की फूट सामने आ ही गई। बुधवार को प्रदेश विधानसभा में इसके कुल 11 में से आठ विधायक बीजेपी में शामिल हो गए। ऐसे समय जब पार्टी राहुल गांधी के नेतृत्व में भारत जोड़ो यात्रा निकाल रही है



और देश भर में इसके पक्ष में माहौल बनाने की कोशिश कर रही है, बीजेपी की ओर से दिया गया यह झटका पार्टी की बहुप्रचारित यात्रा की भी हवा निकालने की कोशिश है। पार्टी छोड़ने वाले विधायकों में से एक ने बीजेपी में शामिल होने की औपचारिक घोषणा के बाद कहा भी कि 'यह कांग्रेस छोड़ो और बीजेपी को जोड़ो है'। बहरहाल, कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा के प्रभावों पर इसका कैसा और कितना असर होता है यह देखने वाली बात होगी, लेकिन इसमें दो राय नहीं कि गोवा में कांग्रेस के लिए इस झटके से उबरना बहुत मुश्किल होगा। पिछले जुलाई में कांग्रेस ने खुद आरोप लगाया था कि बीजेपी उसके आठ विधायकों को तोड़ने की कोशिश कर रही है। तब इस प्रयास को उसने नाकाम कर दिया था। लेकिन उसके बाद भी पार्टी नेतृत्व ऐसे संभावित प्रयासों को लेकर सतर्क नहीं हुआ या फिर चाहकर भी वह विधायक दल को टूटने से नहीं बचा सका। दोनों स्थितियों में उसे असुविधाजनक सवालों का सामना करना ही होगा। ध्यान रहे, 2019 में कांग्रेस पार्टी के टिकट पर चुने गए 10 विधायक पार्टी छोड़कर बीजेपी में शामिल हो गए थे। उसका विधानसभा के अंदर तत्कालीन समीकरण पर और सरकार की मजबूती पर जो असर हुआ वह तो अलग, इस साल हुए विधानसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस पार्टी की विश्वसनीयता पर भी गहरा प्रभाव पड़ा। चुनाव प्रचार के दौरान विरोधियों की ओर से कही जा रही यह बात लोगों को अपील कर रही थी कि कांग्रेस को चुनकर भी कोई फायदा नहीं है, उसके विधायक तो बाद में कहीं और चले जाएंगे। नौबत यहां तक आई कि कांग्रेस नेतृत्व ने अपने प्रत्याशियों को बाकायदा सार्वजनिक तौर पर शपथ दिलवाई कि वे चुनाव के बाद भी पार्टी के प्रति निष्ठा बनाए रखेंगे। वह शपथ भी अब निरर्थक साबित हो गई।

बीजेपी को तात्कालिक तौर पर ताजा दलबदल से फायदा जरूर हुआ है। राज्य में उसकी सरकार अपने दम पर पूर्ण बहुमत में आ गई है। 40 सदस्यीय विधानसभा में अब तक उसके 20 सदस्य थे। हालांकि महाराष्ट्रवादी गोमांतक पार्टी (दो) और निर्दलीय (तीन) विधायकों के समर्थन की बदौलत सरकार मजे में चल रही थी, लेकिन अब इस मोर्चे पर वह और निश्चिंत हो सकती है। फिर भी, विपक्षी दलों के विधायकों को येन-केन-प्रकारेण अपनी पार्टी में मिलाने की यह नीति न तो देश में लोकतंत्र का कुछ भला कर रही है और न ही बीजेपी की राजनीति को विश्वसनीयता दे रही है। इससे गठबंधन के सहयोगी दलों में भी संदेह और अविश्वास बढ़ता है।

# पाक को कहां ले जाएगी इमरान की जिद


गणेश पाण्डेय

पाकिस्तान इन दिनों बदहाली और कुदरत की मार से दुर्गति झेल रहा है। इकॉनमी का हाल यह है कि देश कभी भी दीवालिया घोषित हो सकता है। लेकिन इस समय उसे जो सबसे बड़ा खतरा है, वह इकॉनमी की बदहाली से नहीं बल्कि इमरान खान की चालों से है। कभी दुनिया की सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट टीम बनाने वाले इमरान खान इस समय सियासत में जहर उगल रहे हैं। 22 सालों तक पाकिस्तान की सियासत में संघर्ष करने के बाद उन्होंने पाकिस्तान की सत्ता पाई भी तो फौज और मजहबी ताकतों की मदद से। हालांकि कई वजहों से शुरू से उनकी छवि सेकुलर पाकिस्तानी की रही। इमरान खान ऑक्सफर्ड में इकनॉमिक्स और पॉलिटिकल साइंस के स्टूडेंट रहे। उनकी स्कूली पढ़ाई भी लाहौर के क्रिश्चियन स्कूल में हुई थी। स्वाभाविक ही उन्हें वेस्टर्न कल्चर के नजदीक माना जाता रहा है। उनसे एक धनी परिवार की लड़की जेमिमा ने प्रेम किया। दोनों की शादी भी हुई।

इमरान का माइंड गेम

1982 में वह पाकिस्तान-भारत श्रृंखला के लिए क्रिकेट टीम के कप्तान बनाए गए। तब मुझे एक इंटरव्यू में इमरान ने दो टूक शब्दों में कहा कि वह न केवल भारत को पराजित करके भेजेंगे बल्कि गावसकर और विश्वनाथ का करियर खत्म कर देंगे। ऐसा कहकर उन्होंने भारत-पाकिस्तान के बीच एक मनोवैज्ञानिक जंग यानी माइंड गेम की शुरुआत की थी। इमरान शुरू से ही रणनीति बनाने में माहिर थे। उन्होंने 1992 में वर्ल्ड कप जीत कर भी दिखाया।

सियासत में कदम रखते ही उन्हें यह समझ में आ गया कि अगर पाकिस्तान में राजनीति करनी है तो मजहब का साथ लेना ही होगा। इसके बाद इमरान खान की छवि तेजी से बदली और जल्द ही नौबत यहां तक आ गई कि उन्हें तालिबानी इमरान कहा जाने लगा।

आखिर फौज की मदद से वह 2018 में पाकिस्तान के पीएम बने। नवाज शरीफ को देश छोड़ना पड़ा क्योंकि उनके खिलाफ भ्रष्टाचार के संगीन मामले थे। इमरान खान की छवि एक सुधारक की थी और शुरू में तो लगा कि वह सब कुछ बदल देंगे लेकिन थोड़े समय के बाद सभी कुछ पहले जैसा ही चलने लगा।

इमरान खान स्वच्छंद और बिना किसी निर्देश के काम करने वालों में रहे हैं। किसी की सलाह या ऑर्डर मानना उनके लिए कठिन रहा है। पीएम बनने के बाद कुछ दिनों तक तो वह आर्मी चीफ की गाइडलाइंस मानते रहे लेकिन अपने स्वच्छंद स्वभाव के कारण उनसे भी दूर होते चले गए।

और जब आईएसआई चीफ के चयन की बात आई तो उन्होंने फौज का भेजा हुआ नाम मंजूर नहीं किया। इससे स्वाभाविक ही जनरल बाजवा से उनकी ठन गई। इस साल अप्रैल में संसद में अविश्वास प्रस्ताव में पराजित होने के बाद वह सत्ता से दूर तो हो गए लेकिन उसके पहले उन्होंने फौज को सीधे चेतावनी दे दी कि वह उन्हें देख लेंगे।

सत्ता से हटने के पहले इमरान ने वही ड्रामा किया जो पहले एक समय जुल्फिकार अली भुट्टो ने किया था। उन्होंने अमेरिकी राजदूत के कुछ अनौपचारिक दस्तावेज की कॉपियां निकाल कर हंगामा मचा दिया कि अमेरिका के इशारे पर उन्हें हटाया जा रहा है। उन्होंने फौज के खिलाफ भी अवाम को भड़काया। पाकिस्तान जिसके बारे में कहा जाता था कि उसे अल्लाह, आर्मी और अमेरिका चलाते हैं, तीन में से दो से दूर हो गया। आज औसत पाकिस्तानी अमेरिका को अपना दुश्मन मानता है और आर्मी से भी खफा है।इमरान ने कई जलसे किए जहां दो टूक शब्दों में इस मामले को मजहबी बना दिया और इसे जिहाद का नाम दिया। यानी शहबाज़ शरीफ की सरकार के विरोध को उन्होंने धर्मयुद्ध में बदल दिया।

पाकिस्तान में वहाबी इस्लाम और पश्चिम का विरोध आम बात है। कश्मीर में जिहाद के नाम पर भी वहां करोड़ों रुपये का चंदा वसूला जाता है। इमरान ने इस खेल में भी खूब हाथ बंटाया। आज आम पाकिस्तानी दाने-दाने को मोहताज है। लेकिन इमरान को किसी भी कीमत पर सत्ता चाहिए। अब खेल इमरान बनाम आर्मी हो गया है। अब तक आर्मी चीफ जनरल बाजवा की मुखालफत कर रहे इमरान खान ने सरकार को जनरल बाजवा का कार्यकाल बढ़ाने का सुझाव दे दिया है। हालांकि इस सुझाव के मूल में है उनकी यह मांग कि नए सेनाध्यक्ष की नियुक्ति को चुनाव के जरिए नई सरकार बनने तक के लिए टाल देना चाहिए।

सबसे बड़ा कर्जदार देश

इमरान खान की शख्सियत ऐसी है कि आम पाकिस्तानी एक बार तो उनके झांसे में आ ही जाता है। उनका विरोध का तरीका ऐसा है कि अवाम को लगता है, वह सच बोल रहे हैं। सचाई यह है कि अपने पौने चार साल के शासन में उन्होंने पाकिस्तान को दुनिया के सबसे बड़े कर्जदार देश में बदल दिया। आज पाकिस्तान पर 50 खरब रुपये का कर्ज है जिसका ब्याज देते-देते वह कंगाल हो चुका है। यह कर्ज उसके कुल जीडीपी का 80 फीसदी है। इमरान वर्तमान सरकार और फौज की मुखालफत करके इतने पॉप्युलर हो चुके हैं कि अगर अभी चुनाव हो तो फिर से जीत जाएंगे। ऐसा नहीं हुआ तो वह किसी भी हद तक जा सकते हैं। इमरान पाकिस्तान के टुकड़े-टुकड़े करवाने में भी नहीं हिचकेंगे। इमरान खान की राजनीति में जानकारों को जुल्फिकार अली भुट्टो की सियासत की झलक दिखती है, वही मक्कारी और वही अहंकार। भुट्टो ने सत्ता के लिए मुल्क के दो टुकड़े करवा दिए थे। पाकिस्तानी डिप्लोमैट साजिद तरार मनाते हैं कि जो काम भारत अरबों डॉलर खर्च करके नहीं कर सका वह इमरान खान ने कर दिखाया। देश के तीन टुकड़े कभी भी हो सकते हैं। जाहिर है, विपक्ष के सवाल तीखे हैं तो पीएम की बातें भी धारदार हैं। अगले कुछ दिनों में संकेत मिलने लगेगा कि किसके नैरेटिव को अधिक सफलता मिल रही है।

# हिन्दी पर एक अहसान करना कि इसपर आज कोई अहसान मत करना...


भूपेन्द्र पटेल

इसलिए कई लोगों को अचानक याद आएगा कि हिन्दी हमारी अपनी भाषा है। उनका हिन्दी-प्रेम अचानक उमड़ पड़ेगा और फिर वे वर्णन करेंगे कि हिन्दी कितनी प्यारी, कितनी महान, कितनी प्राचीन, कितनी समृद्ध, कितनी मीठी और कितनी लोकप्रिय भाषा है।

कई लोगों को अचानक यह चिंता भी सताने लगेगी कि अंग्रेज़ी और ऊर्दू के अतिक्रमण से हिन्दी सिकुड़ रही है और धीरे-धीरे समाप्त हो रही है। स्वयं को कुछ अधिक बुद्धिजीवी समझने वाले लोग अपनी यह वार्षिक शिकायत दोहराएंगे कि सरकार हिन्दी के प्रति उदासीन है और हिन्दी के उत्थान के लिए कुछ भी नहीं कर रही है। ऐसी बड़ी-बड़ी बातें करके और हिन्दी की महानता का बखान करके शाम तक वे हिन्दी-दिवस को भी भूल जाएंगे और हिन्दी को भी अगली 14 सितंबर तक भुला देंगे।

ऐसे सारे महात्माओं, महिषियों, विद्वानों, विदुषियों और हिन्दी के मौसमी समर्थकों से मेरा अनुरोध है कि वे हिन्दी के लिए यदि सचमुच चिंतित हैं, तो सरकारों की पहल के लिए प्रतीक्षा करने और हिन्दी के बारे में उपदेश झाड़ने की बजाय वे हिन्दी के विस्तार के लिए स्वयं से शुरुआत करें। जैसे-

सोशल मीडिया पर अपने प्रोफ़ाइल में नाम अंग्रेज़ी से बदलकर हिन्दी में लिखें (हिन्दी न जानने वालों की सुविधा के लिए आप कोष्ठक में अंग्रेज़ी में भी रख सकते हैं)।

अपने सभी सोशल मीडिया खातों की भाषा बदलकर हिन्दी करें। कुछ समय तक आपको सब अटपटा लग सकता है क्योंकि अंग्रेज़ी में फेसबुक देखने की आदत हो चुकी है। लेकिन दो-चार दिनों में इसकी आदत पड़ जाएगी और आपको फिर इसी में ज्यादा मज़ा आएगा। इसी तरह अपनी अधिकांश पोस्ट भी हिन्दी में लिखा करें।

अपने मोबाइल फोन की सेटिंग्स में भाषा वाले विकल्प में जाएं और अंग्रेज़ी को बदलकर हिन्दी करें। अपने ईमेल/जीमेल की अकाउंट सेटिंग्स में जाएं और भाषा बदलकर हिन्दी करें।

जब कभी एटीएम मशीन पर पैसे निकालने जाएं, तो मशीन का उपयोग करते समय हिन्दी भाषा चुनें।जब किसी से कॉल पर बात हो, तो हैलो की बजाय नमस्कार कहें।

जब भी किसी कंपनी के कॉल सेंटर को कॉल करते हैं, तो भाषा के विकल्प में हिन्दी चुनें और वहां के कर्मचारी से हिन्दी में बात इन सब कामों के पैसे नहीं लगते, लेकिन इनसे हिन्दी का उपयोग बढ़ता है और उपयोग करने वालों की संख्या बढ़ती है। इससे हिन्दी की लोकप्रियता और महत्व बढ़ता है, जिससे हिन्दी में नए रोज़गार सृजित होंगे।

हिन्दी में रोज़गार मिलने लगेगा, तो नई पीढ़ी खुद हिन्दी सीखने लगेगी और हिन्दी का प्रचार होने लगेगा। तब आपको किसी सरकार से यह कहने नहीं जाना पड़ेगा कि वह हिन्दी के लिए कुछ करे, बल्कि सरकारें खुद ही हिन्दी के लिए काम करने लगेगी क्योंकि सरकारें वही करती हैं, जिससे वोटर खुश हो सके।

मैं अमेरिका में, आयरलैंड में, सिंगापुर में, थाईलैंड में और अन्य देशों में जहां भी, जब भी भारतीयों से मिलता हूं, तो उनसे हिन्दी में बात करता हूं। वे अंग्रेज़ी में बात शुरू करते हों, तो भी मैं जानबूझकर हिन्दी में ही जवाब देता हूं। इससे उनकी भी झिझक मिटती है और वे भी खुशी-खुशी हिन्दी में बोलने लगते हैं। जिनको कई सालों से विदेश में रहने के कारण अब हिन्दी बहुत अच्छी नहीं आती, वे भी टूटी-फूटी हिन्दी बोलने का प्रयास करते हैं। जब मैं विदेशों में भी ऐसे प्रयास कर सकता हूं, तो आप भारत में क्यों नहीं कर सकते? कारण ये है कि आप खुद ही हिन्दी बोलने में झिझकते हैं, आप खुद ही इस मनोवैज्ञानिक दबाव में रहते हैं कि अंग्रेज़ी न बोलने पर सामने वाला आपको अनपढ़ समझेगा। जब आपमें खुद आत्मविश्वास नहीं है, तो स्वाभाविक है कि सामने वाला न आपकी बातों से प्रभावित होगा, न भाषा से। एक भाषा के रूप में अंग्रेज़ी अवश्य सीखिए, लेकिन यह याद रखिए कि अंग्रेज़ी बुद्धि का पैमाना नहीं है। जहां आवश्यक हो, वहां अंग्रेज़ी मैं भी बोलता हूं और मुझे मालूम है कि मैं उसमें गलतियां भी करता हूं। लेकिन मैं उसकी चिंता नहीं करता क्योंकि अंग्रेज़ी मेरी भाषा नहीं है। इसलिए उसमें मैं गलतियां करूं, तो मुझे कोई शर्म नहीं है। मुझे इस बात की चिंता भी नहीं होती कि अंग्रेज़ी न बोलने पर सामने वाला मुझ पर हंसेगा। विदेशियों से मैं अंग्रेज़ी में ही बोलता हूं, लेकिन कोई भारतीय अगर अंग्रेज़ी न बोलने पर मुझे गंवार समझे, तो मैं शर्मिंदा नहीं होता, बल्कि मन ही मन उसकी बुद्धि पर तरस खाता हूं। मैं अंग्रेज़ी में सामने वाले को अपनी बात समझा लेता हूं और उसकी समझ लेता हूं, इतना काफी है। शर्म मुझे तब महसूस होगी, अगर मैं अपनी भाषा ठीक से न बोल पाऊं या समझ न पाऊं। अगर आपको अपनी भाषा का उपयोग करने में शर्म या झिझक महसूस होती है, तो पहले खुद में सुधार कीजिए। सरकार से सवाल बाद में कीजिए। अगर आपको अपनी भाषा के उपयोग में शर्म या झिझक नहीं महसूस होती है, तो कम से कम ऊपर लिखी 6 बातों का खुद पालन कीजिए और दूसरों को भी इसकी प्रेरणा दीजिए। अगर आप इन दोनों में से कुछ भी नहीं करते हैं, और सिर्फ सोशल मीडिया पर कोरी बातें लिखकर इस भ्रम में हैं कि आप हिन्दी के प्रचार में भारी योगदान कर रहे हैं, तो इस भ्रम से यथाशीघ्र बाहर निकल जाइए क्योंकि हिन्दी का भला तो दूर, आप खुद का भी कुछ भला नहीं कर रहे हैं। जिन लोगों को वर्ष में केवल एक ही बार हिन्दी की चिंता होती है, उन सबको मेरा सुझाव है कि हिन्दी पर कोई अहसान न करें। आपके होने न होने से हिन्दी भाषा को कोई फर्क नहीं पड़ने वाला है। हिन्दी भाषा या आपकी मातृभाषा पूरी तरह मिट भी जाए, तो भी उस भाषा को कोई फर्क नहीं पड़ने वाला है। लेकिन भाषा नष्ट होने से आपकी संस्कृति, आपकी धरोहर, आपका इतिहास, आपकी पहचान और आपका अस्तित्व नष्ट होने वाला है।

# मुंबई में बनेगा हिंदी पत्रकार भवन

## मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने दिया आश्वासन

मुंबई। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में हिंदी पत्रकार भवन बनाने का आश्वासन दिया है। बुधवार को हिंदी दिवस पर अपने सरकारी निवास नंदनवन में आमंत्रित मुंबई हिंदी पत्रकार संघ सहित अन्य हिंदीभाषी पत्रकारों की उपस्थिति में मुख्यमंत्री शिंदे ने यह आश्वासन दिया। सर्वप्रथम सभी हिंदी भाषी पत्रकारों को हिंदी दिवस की शुभकामनाएं देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि मुंबई में हिंदी पत्रकार भवन बनाने की मांग को पूरा किया जाएगा। इसके पहले मुंबई हिंदी पत्रकार संघ के अध्यक्ष आदित्य दुबे, संयुक्त सचिव राजकुमार सिंह ने मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के समक्ष मुंबई में हिंदी पत्रकार भवन भवन का



मामला उठाया। आदित्य दुबे ने कहा कि मुंबई में हिंदी भाषी पत्रकारों की तादाद बहुत बड़ी है और सभी को एक हिंदी पत्रकार भवन की कमी लगातार महसूस होती है। राजकुमार सिंह ने कहा कि मुंबई हिंदी पत्रकार संघ इस संबंध में लगातार प्रयास कर रहा है। संघ की इस मांग को तुरंत मान्य करते हुए मुख्यमंत्री शिंदे ने कहा कि आश्वासन दिया कि मुंबई में हिंदी पत्रकार भवन बनाया जाएगा।

पराडकर स्मारक को लेकर भी चर्चा

मुंबई हिंदी पत्रकार संघ के अध्यक्ष आदित्य दुबे ने मुख्यमंत्री के समक्ष हिंदी पत्रकारिता के पुरोधा और दैनिक "आज" के संपादक रहे बाबूराव विष्णु पराडकर के सिंधुदुर्ग स्थित मूल गांव पराड गांव में स्मारक बनाने का मुद्दा भी उपस्थित किया। दुबे ने कहा कि इसी मांग के सिलसिले में काशी पत्रकार संघ का एक प्रतिनिधिमंडल मुंबई आ रहा है। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने प्रतिनिधि मंडल से मुलाकात कर पराड में स्मारक बनाने पर सहमति प्रकट की। कार्यक्रम का आयोजन शिवसेना कल्याण शहर प्रमुख एवं मीडिया कोऑर्डिनेटर सीपी मिश्रा ने किया था। इस अवसर पर मुंबई हिंदी पत्रकार संघ के सदस्य मनोज दुबे, सोनू श्रीवास्तव, अखिलेश तिवारी के अलावा इंद्रजीत सिंह, आरबी यादव, सोमदत्त शर्मा, अश्विनी पांडे, सूर्य प्रकाश मिश्रा, अरुण उपाध्याय, जितेंद्र मिश्रा आदि उपस्थित थे।

# जुर्माना से बचने के लिए लगाया फर्जी नंबर प्लेट

मुंबई। ट्रैफिक नियम तोड़ने के बाद जुर्माना भरने से बचने के लिए अपनी मोटरसाइकिल पर स्कूटर की नंबर प्लेट लगाकर घूमने वाले तीन लोगों के खिलाफ आरे पुलिस ने मामला दर्ज किया है.

बताया जा रहा है कि आरोपी द्वारा इस्तेमाल किए गए फर्जी नंबर पर 4400 रुपये का जुर्माना लगाया गया है. मिली जानकारी के अनुसार एक ट्रैफिक पुलिस अधिकारी ने जोगेश्वरी विक्रोली लिंक रोड (जेवीएलआर) पर मोटरसाइकिल सवार एक व्यक्ति को रोका और लंबित ई-चालान की जांच के बाद पता चला कि मोटरसाइकिल की नंबर प्लेट स्कूटर की है. इस घटना की भनक लगते ही बाइक सवार को हिरासत में ले लिया गया। एमआईडीसी यातायात विभाग में सब-इंस्पेक्टर के पद पर कार्यरत शिवाजी पाटिल (57) जेवीएलआर के उत्तर की ओर सीप्ज पुल के पास ड्यूटी पर थे। इस



दौरान उन्होंने पाया कि आरोपी बिना हेलमेट के बाइक चला रहा है। जिसके बाद उन्होंने बाइक को रुकवाया और बाइक के दस्तावेज पेश करने को कहा। लेकिन बाइक सवार न कागज नहीं होने की बात कही. जब अधिकारी ने ई-चालान मशीन की जांच की तो पता चला कि मोटरसाइकिल का नंबर फर्जी था. जुर्माने की राशि को आरोपित ने जुर्माना भरने से इनकार कर दिया तो अधिकारी ने वाहन को जब्त कर लिया। जांच में यह भी पता चला कि संबंधित स्कूटर मालिक को तीन ई-चालान मिले जिसमें सिग्नल तोड़ने पर जुर्माना लगाया गया। इस मामले में वाहन चालक मालवणी का रहने वाला सबीर शाह और वाहन मालिक जुल्फिकार सैयद दोनों के खिलाफ आरे पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस इस मामले में आगे की जांच कर रही है।

## मुंबई में भारी बारिश से जलभराव

मुंबई, मुंबई और उसके आसपास के इलाकों में शुक्रवार को भारी बारिश हुई जिसके कारण शहर के कुछ इलाकों में जलभराव हो गया और यातायात जाम हो गया। मौसम विज्ञान विभाग ने शहर में और बारिश होने का अनुमान लगाया है। विभाग ने कहा कि मुंबई और आसपास के इलाकों में अगले 48 घंटों में रविवार तक मध्यम बारिश होगी। उसने अलग-अलग स्थानों पर भारी बारिश होने का भी अनुमान लगाया है। अगले दो दिनों में मुंबई का तापमान 26 से 31 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने का अनुमान है।

## सरकार के खिलाफ राकांपा युवा कांग्रेस का आंदोलन

मुंबई। वेदांता-फॉक्सकॉन प्रोजेक्ट के गुजरात जाने के विरोध में गुरुवार को राकांपा युवा कांग्रेस की तरफ से राकांपा भवन के पास आंदोलन किया गया। इस दौरान ढोकला ना फफ्दो, वेदांत परियोजना अपडो... 50 खोके मजात बोके जैसे जोरदार नारे लगाए गए। राष्ट्रवादी युवा कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष सूरज चव्हाण (Suraj Chavan) के नेतृत्व में राकांपा भवन में विरोध प्रदर्शन किया गया। युवा कांग्रेस की ओर से मंत्रालय के पास विरोध प्रदर्शन होने वाला था, लेकिन जैसे ही पुलिस ने एनसीपी भवन में ही युवक को हिरासत में लेने की कोशिश की, युवा कार्यकारी अध्यक्ष सूरज चव्हाण और कार्यकर्ताओं ने शिंदे-फडणवीस का कड़ा विरोध किया. इस दौरान युवक तख्तियां दिखाकर और नारेबाजी कर रहे थे। इसके बाद पुलिस ने युवक को हिरासत में ले लिया।

## मुंबई में खुलेगा आंखों का विशेष अस्पताल

मुंबई। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि मुंबईकरों को उत्तम स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने के लिए स्वास्थ्य सुविधाओं का पुनर्विकास तेजी से किया जाए। साथ ही मुंबई में नेत्र विकारों के लिए एक विशेष अस्पताल की स्थापना की जाए। मुख्यमंत्री ने फिलहाल मुंबई महापालिका की तरफ से 19 उपनगरीय अस्पतालों का निर्माण कार्य जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। मुंबई महानगर में स्वास्थ्य सुविधाओं का स्तर बढ़ाने के लिए मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में गुरुवार को बैठक हुई।

मुख्यमंत्री ने कहा कि देश भर से कैंसर रोग के उपचार के लिए बड़ी संख्या में लोग टाटा अस्पताल में आते हैं। ऐसे में लोकमान्य नगर की म्हाडा कॉलोनी में मरीजों व उनके परिजनों के ठहरने के लिए कमरे उपलब्ध कराए जाएं।

# महाराष्ट्र में 21 लाख से अधिक राशन कार्ड हुए रद्द

## नहीं मिलेगा सरकारी अनाज



मुंबई। भारत में राशन कार्ड धारकों के लिए बड़ी खबर सामने आ रही है। पिछले दिनों में सरकार ने राशन कार्ड धारकों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब ढाई करोड़ राशन कार्ड रद्द कर दिए हैं। इस बारे में सरकार की तरफ से जानकारी दी गई है। केंद्रीय राज्यमंत्री द्वारा दी गई जानकारी में बताया गया कि भारत में साल 2017 से 2021 तक पांच साल के दौरान जाली, डुप्लीकेट और अपात्र करीब 2 करोड़ 41 लाख राशन कार्ड रद्द किए गए हैं, उन्होंने यह भी बताया कि सिर्फ बिहार में ही 7.10 लाख राशन कार्ड रद्द हुए हैं। इस लिस्ट में सबसे आगे उत्तर प्रदेश है। यूपी में सबसे ज्यादा 1.42 करोड़ राशन कार्ड को रद्द किया गया है। इसके बाद इस लिस्ट में महाराष्ट्र है। महाराष्ट्र में 21.03 लाख राशन कार्ड कैंसल किए गए हैं। बता दें कि इस बार फिर से सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। नेशनल फूड सिक्योरिटी एक्ट (एनएफएसए) के तहत राशन कार्ड का फायदा लेने वाले 70 लाख कार्ड धारकों को संदिग्धों की लिस्ट में रखा गया है। केंद्र सरकार की ओर से यह डाटा ग्राउंड वेरिफिकेशन के लिए राज्यों के पास भेजा गया है। सत्यापन में इस बात का पता लगाया जाएगा कि जिनका नाम लिस्ट में शामिल किया गया है वे एनएफएसए के तहत राशन पाने के लिए योग्य हैं या नहीं। इस मामले में फूड सेक्रेटरी सुधांशु पांडे के मुताबिक, अगर 70 लाख में से आधे भी नियमानुसार सही नहीं पाए गए तो उनकी जगह रद्द करके नए पात्रों को मौका दिया जाएगा। राशन कार्ड रद्द होने के बाद उनकी जगह नए पात्रों के नाम शामिल किए जाते हैं।

# वेदांता-फॉक्सकॉन के बदले मिला सीएम पद

## शिंदे की इच्छा पूरी लेकिन युवाओं के रोजगार का क्या

## एकनाथ पर उद्धव का वार

मुंबई: महाराष्ट्र में फिलहाल वेदांता- फॉक्सकॉन प्रोजेक्ट को लेकर घमासान मचा हुआ है। राज्य की महाविकास अघाड़ी यानी शिवसेना, कांग्रेस और एनसीपी ने शिंदे- बीजेपी सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। लगातार नई सरकार पर यह आरोप लगाया जा रहा है कि इस प्रोजेक्ट के जाने से न सिर्फ महाराष्ट्र को राजस्व का नुकसान हुआ है बल्कि हजारों युवाओं को मिलने वाला रोजगार भी खत्म हो गया है। इन सब के पीछे और कोई नहीं बल्कि राज्य की शिंदे बीजेपी सरकार है। शिवसेना के मुखपत्र सामना के संपादकीय में एकनाथ शिंदे पर निशाना साधा गया है। सामना ने लिखा है कि हमें इस बात का यकीन है कि जिस तरह से फडणवीस ने अंतर्राष्ट्रीय वित्त केंद्र को मुंबई से गुजरात भेजा है। उसी तरह मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने फॉक्सकॉन- वेदांत प्रोजेक्ट को भी गुजरात ले जाने की अनुमति दी है। शिंदे आने वाले दिनों में मुंबई को भी बेच देंगे। डील के बदले मिली सीएम की कुर्सी शिवसेना ने सामना के जरिए एकनाथ शिंदे को घेरते हुए लिखा है कि बीजेपी ने एकनाथ शिंदे को इसी बात पर मुख्यमंत्री बनाया था ताकि वेदांता फॉक्सकॉन प्रोजेक्ट को आसानी से गुजरात भेजा जा सके। सनम लिखा है कि फॉक्सकॉन सिर्फ शुरुआत है इस डील से इस प्रोजेक्ट के गुजरात जाने से एक बात साफ हो गई है अगर बीजेपी ने शिंदे को मुख्यमंत्री बनाया है और उनके विधायकों को करोड़ों दिए हैं तो फिर संडे को महाराष्ट्र के तिजोरी की चाबी भी बीजेपी को सौंपनी होगी।शाबाश शिंदे जो चाहिए था मिल गया शिवसेना एकनाथ शिंदे को घेरते हुए लिखा है कि वह सूरत और गुवाहाटी में अपने विधायकों को भरोसा दिला रहे थे। कि अब डरने की कोई बात नहीं है हमारे पास एक बड़ी शक्ति का समर्थन है। हमें जो चाहिए वह सब कुछ मिलेगा। शाबाश शिंदे, आपको जो चाहिए वह मिल गया लेकिन महाराष्ट्र के युवाओं से उनके रोजगार का मौका छीन लिया गया है। आदित्य ठाकरे ने भी शिंदे पर निशाना साधते हुए कहा कि सीएम ने न केवल हमारे 40 विधा



यकों को बल्कि राज्य की बड़ी परियोजनाओं को भी गुजरात लेकर चले गए। हमारे राज्य में दो लाख करोड़ रुपए और एक लाख रोजगार के अवसरों के नुकसान का जिम्मेदार कौन है? एनसीपी नेता और प्रवक्ता क्लाइड क्रास्टो ने शिंदे सरकार के मंत्री उदय सामंत पर निशाना साधा है। उन्होंने ट्वीट कर सामंत से पूछा कि जब मोदी जी ने यह वादा किया था कि महाराष्ट्र को समान रूप से बड़ा प्रोजेक्ट दिया जाएगा। तब वह बड़ा प्रोजेक्ट गुजरात को क्यों नहीं दिया गया। आखिर क्यों खास तौर पर वेदांता- फॉक्सकॉन प्रोजेक्ट को महाराष्ट्र से गुजरात ले जाया गया। आखिर जिस प्रोजेक्ट के लिए महाविकास अघाड़ी सरकार ने मेहनत कर राज्य के विकास और युवाओं के रोजगार के लिए हासिल किया था। अब वह पूरी तरह से बर्बाद हो चुका है, इसका जवाब देना होगा।

# गंदे पानी की सप्लाई से परेशान है मुंबईकर

मुंबई। दूषित पानी की सप्लाई से दक्षिण मुंबई सहित पश्चिम उपनगर के नागरिक परेशान हो उठे है। दूषित पानी की सप्लाई से गैस्ट्रो मरीजों (gastro patients) का प्रमाण बढ़ता जा रहा है। दक्षिण मुंबई के मुंबई सेंट्रल, नाना चौक, ताड़देव, पश्चिम उपनगर के अंधेरी पश्चिम, बांद्रा, सांताक्रूज आस पास के इलाको में पिछले तीन-चार दिनों से गंदे पानी की सप्लाई हो रही है जिससे नागरिक हैरान है। समस्या का समाधान नहीं होने से नागरिकों को पीने के पानी उबालकर और छानकर पानी के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। मनपा प्रशसन का कहना है कि भांडुप के जलशुद्धी करण केंद्र से पानी की सप्लाई होने वाले संयंत्र में तकनीकी खराबी आने के कारण यह समस्या उत्पन्न हुई थी। जिससे दूर करने का काम किया गया है। मनपा प्रशासन का कहना है कि शुक्रवार से दूषित और बदबू दार पानी सप्लाई की समस्या खत्म हो जाएगी. बता दे कि मुंबई के विभिन्न इलाको में पिछले तीन से चार दिनों से गंदा पानी की सप्लाई हो रही है। इसी तरह बदबूदार पानी की भी सप्लाई से रहवासियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. स्थानीय रहिवासियों की ओर से दूषित पानी सप्लाई होने की शिकायत भी मनपा के पास दर्ज कराई गई है। मनपा के अधिकारियों ने यह भी निर्देश दिया है कि जब तक गंदे पानी की समस्या का समाधान नहीं हो जाता तब तक लोग पानी उबाल कर और छान कर उपयोग करे . पानी की समस्या से राजनितिक पार्टियों ने मनपा वार्ड कार्यालयों के पास धरना प्रदर्शन की भी तैयारी की है। मनपा प्रशासन द्वारा दो दिन में सब ठीक होने का आश्वासन दिया गया है। अंधेरी, बांद्रा, मुंबई सेंट्रल, नाना चौक, हाजी अली आदि कई इलाकों में मनपा द्वारा सप्लाई होने पानी दूषित आ रहा है। इतना ही नहीं बदबूदार पानी सप्लाई हो रहा है जो कि पीने योग्य नहीं है जिससे पानी को लेकर कोहराम मच हुआ है। रहवासियों के सामने सवाल खड़ा हो गया है कि क्या किया जाए. मुंबई सेंट्रल क्षेत्र में गंदे पानी की मात्रा अधिक है और कई निवासियों की शिकायत है कि अगर इस पानी को उबाल कर छान लिया जाए तो भी इसमें गंदगी बनी रहती है।गंदे पानी को दो बार छानने और उबालने के बाद भी गंदगी नहीं जाने से लोगो को बोतलबंद पानी लेना मजबूरी हो गया है। लोगो के सामने पीने का पानी बोतल बंद से पीने के पानी समस्या खत्म हो रही है लेकिन खाना पकाने के लिए गंदे पानी का उपयोग कैसे किया जाए यह बड़ी समस्या पैदा हो गई है।

# अँधेरी पूर्व विधानसभा उपचुनाव को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष ने कसी कमर

- उपचुनाव में एमवीए बनाम भाजपा -शिंदे गुट
- चुनाव की जीत को लेकर तैयारियों में जुटी पार्टियां

मुंबई। शिवसेना विधायक रमेश लटके के निधन के बाद रिक्त हुई अँधेरी पूर्व विधानसभा क्षेत्र के लिए होने वाले उपचुनाव में जीत के लिए सत्ता पक्ष और विपक्ष की जोरदार तैयारी शुरू है.भले ही केंद्रीय चुनाव आयोग ने चुनाव की तारीख घोषित नहीं किया है लेकिन उध्दव ठाकरे ने रमेश लटके की पत्नी ऋतुजा लटके को उम्मीदवार घोषित कर दिया है वही भाजपा और शिंदे गुट की पूर्व नगरसेवक मुरजी पटेल को उम्मीदवार बना सकती है ऐसी चर्चा है.अँधेरी पूर्व विधानसभा के होने वाले उपचुनाव में उध्दव ठाकरे और भाजपा और शिंदे गुट के बीच लड़ाई होने वाली है.वही सूत्रों का कहना है कि उध्दव ठाकरे की शिवसेना के उम्मीदवार का कांग्रेस और राकांपा समर्थन कर सकती है जिसके बाद एमवीए बनाम भाजपा-शिंदे गुट के बीच लड़ाई की संभावना है.अब देखना यह होगा की जनता किसका साथ देती है.

**कांग्रेस -राकांपा दे सकती है ऋतुजा लटके को समर्थन**

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अँधेरी पूर्व विधानसभा उपचुनाव में उध्दव ठाकरे वाली शिवसेना की उम्मीदवार ऋतुजा लटके को कांग्रेस और राकांपा समर्थन दे सकती है.क्योंकि भाजपा को सत्ता से दूर रखने के लिए राज्य में कांग्रेस और राकांपा ने शिवसेना का साथ देकर महाविकास आघाड़ी सरकार की स्थापना की थी.जो ढाई साल तक सरकार चली लेकिन शिवसेना में भारी फुट के बाद सरकार गिर गई और शिवसेना के 40 बागी विधायकों के समर्थन के बाद एकनाथ शिंदे और भाजपा की सरकार बन गई है.

रमेश लटके के निधन के बाद अँधेरी पूर्व विधानसभा के होने वाले उपचुनाव के लिए उद्धव ठाकरे द्वारा घोषित किए गए रमेश लटके की पत्नी ऋतुजा लटके के समर्थन को लेकर अभी पार्टी ने कोई निर्णय नहीं लिया है.आने वाले सोमवार को प्रदेश के प्रभारी एच.के.पाटिल मुंबई आने वाले है.उनके साथ प्रदेश अध्यक्ष और अन्य वरिष्ठ नेता इस विषय पर बैठक कर अंतिम निर्णय लेंगे।

**चरण सिंह सप्रा प्रवक्ता कांग्रेस**



विधायक रमेश लटके के निधन के बाद पार्टी प्रमुख उद्धव ठाकरे ने मुझ पर विश्वास कर उम्मीदवार बनाया है जिसके लिए मैं उनका आभार प्रकट करती हूँ.वही दूसरी तरफ उनके निधन के बाद जनता और कार्यकर्ताओ की मांग पर मैं लगातार क्षेत्र का दौरा कर रही हूँ. इस दौरान लोगों का अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है.विधायक के तौर पर उन्होंने जो कार्य किया है उससे क्षेत्र की सर्वाधिक जनता संतुष्ट है इसलिए मेरा विश्वास है कि जनता का आशीर्वाद मुझे जरूर मिलेगा।

**ऋतुजा रमेश लटके- उम्मीदवार उद्धव ठाकरे शिवसेना**

उत्तर भारतीयों का गढ़ अँधेरी पूर्व विधानसभा मुंबई की उत्तर -पश्चिम लोकसभा के अंतर्गत आने वाली अँधेरी पूर्व विधानसभा क्षेत्र उत्तर -भारतीयों का गढ़ माना जाता है.इस सीट पर ज्यादा तर उत्तर भारतीय नेताओं ने राज किया लेकिन साल 2000 से लेकर 2014 तक सुरेश शेट्टी उसके बाद 2014 और 2019 में रमेश लटके ने इस सीट पर जीत दर्ज की है लेकिन साल 2022 में हार्टअटैक के कारण लटके का निधन हो गया जिसके बाद यह सीट खाली पड़ी है.जल्द इस सीट पर चुनाव होना है.

**कौन हैं मुरजी पटेल**

मुरजी पटेल मौजूदा समय में भाजपा के उत्तर -पश्चिम जिला के महामंत्री है.पूर्व नगरसेवक भी रह चुके हैं।

साल 2019 के विधानसभा चुनाव में मुरजी पटेल ने रमेश लटके के खिलाफ निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर चुनाव लड़ा था। 2019 में राज्य में शिवसेना-भाजपा गठबंधन का ऐलान हुआ था। इसलिए अंधेरी पूर्व विधानसभा सीट शिवसेना के खाते में गई। भाजपा और शिवसेना के गठबंधन उम्मीदवार रमेश लटके ने 62 हजार 773 मत लेकर जीत दर्ज की थी वही निर्दलीय उम्मीदवार की तौर पर 45 हजार 808 मत लेकर मुरजी पटेल ने दूसरा स्थान हासिल किया था.

**उद्धव ठाकरे की पहली परीक्षा**

शिवसेना में भारी फुट के बाद अँधेरी पूर्व के लिए होने वाले उपचुनाव में उद्धव ठाकरे की यह पहली परीक्षा होगी अगर इस चुनाव में उद्धव ठाकरे की तरफ से उम्मीदवार चुनाव जीत जाती है तो यह ठाकरे के लिए बड़ी बात हो सकती है.क्योंकि भाजपा और शिंदे गुट इस चुनाव को जीतने के लिए पूरी ताकत झोंक देंगे। वही दूसरी तरफ अगर कांग्रेस और राकांपा ने उध्दव ठाकरे का पूरा समर्थन कर दिया तो ऋतुजा लटके की जीत हो सकती है.

# भावनात्मक शोषण या दुर्व्यवहार




भावनात्मक शोषण को समझने के लिए हमें भावनात्मक शोषण और सामान्य संघर्ष के बीच के अंतर को समझना होगा।

संघर्ष किसी भी रिश्ते का एक सामान्य हिस्सा है और दो लोगों के लिए भावनाओं को व्यक्त करने, किसी मुद्दे की पहचान करने और उन्हें परेशान करने वाले किसी भी मुद्दे पर बात करने का एक स्वस्थ तरीका है।

भावनात्मक दुर्व्यवहार में गैर-शारीरिक व्यवहार शामिल होता है जो किसी अन्य व्यक्ति को छोटा करता है और इसमें अपमान, नीचा दिखाना, मौखिक धमकी या अन्य रणनीति शामिल हो सकती है जो पीड़ित को धमकी, हीन, शर्मिंदा या अपमानित महसूस कराती है।

संघर्ष कब वास्तव में संघर्ष नहीं है, बल्कि कुछ और है? इमोशनल एब्यूज कब होता है?

क्या आपने कभी किसी के साथ व्यवहार करते समय अपने पेट में गांठ होने की भावना का अनुभव किया है या बस महसूस किया है कि आपके रिश्ते में कुछ गड़बड़ है? जब एक पक्ष को डर लगता है, भ्रमित होता है या कुछ भी पसंद नहीं है तो वे कभी भी सही होंगे, यह भावनात्मक शोषण का संकेत या संकेत हो सकता है।

भावनात्मक दुर्व्यवहार किसी अन्य व्यक्ति का व्यवहार है जो आपको लगातार अपने बारे में बुरा महसूस कराता है, जैसे आप बिल्कुल नहीं हो सकते। भावनात्मक शोषण केवल रोमांटिक पार्टनर तक ही सीमित नहीं है, बल्कि परिवार के किसी सदस्य, मित्र या सहकर्मी द्वारा किया जा सकता है। भावनात्मक शोषण आपको दोषी, लज्जित, खामोश, उल्लंघन, असहज या कई अन्य चीजों का एहसास करा सकता है।

भावनात्मक दुर्व्यवहार की पहचान करना कठिन हो सकता है क्योंकि कोई भी इसके प्रभावों को "देख" नहीं सकता है जैसे कि वे चोट, कट या निशान हो सकते हैं।

अपमानजनक व्यवहार अक्सर शक्ति और नियंत्रण की इच्छा से प्रेरित होता है लेकिन इसकी आवश्यकता के कारण अलग-अलग होते हैं। हो सकता है कि जिस व्यक्ति ने आपको चोट पहुंचाई है, उसने जानबूझकर ऐसा नहीं किया हो; शायद उन्होंने किया।

हालांकि यह "क्यों" को समझने में मददगार है, कारण हानिकारक व्यवहार का बहाना नहीं हैं- लेकिन वे सब कुछ और अधिक भ्रमित कर सकते हैं। भावनात्मक शोषण जटिल और विचलित करने वाला है।

भावनात्मक शोषण के 5 सामान्य लक्षण नीचे दिए गए हैं:

1. आलोचना या न्याय करना मानव स्वभाव है, लेकिन भावनात्मक रूप से अपमानजनक स्थितियों में, कोई इसे अगले स्तर पर ले जाता है।
2. हम सभी को अपने-अपने स्थान पर अधिकार है। कभी-कभी किसी नए रिश्ते या कनेक्शन की हड़बड़ी और रोमांच और अपने स्थान के उल्लंघन के बीच अंतर करना मुश्किल हो सकता है क्योंकि आपको लग सकता है कि आप अपना सारा समय इस भयानक व्यक्ति के साथ बिताना चाहते हैं।
3. दुर्व्यवहार करने वाला अनुचित ईर्ष्या के माध्यम से आपके व्यवहार को प्रतिबंधित करने का प्रयास कर सकता है
4. भावनात्मक रूप से दुर्व्यवहार करने वाला व्यक्ति आपको वह करने के लिए बहुत कुछ करने की कोशिश कर सकता है जो वे चाहते हैं या बुरा महसूस करते हैं
5. दुर्व्यवहार करने वाला यह कहकर आपकी भावनाओं या भावनाओं को कम करने की कोशिश कर सकता है कि आप बहुत संवेदनशील हैं या आपको पागल कह रहे हैं

# डायबिटीज में खा सकते हैं आलू? जानिए कितनी फायदेमंद है ये स जी, क्या हो सकते हैं इसके नुकसान?



रंजनबेन मसोया



आलू हर घर में प्रयोग में लाई जाने वाली सबसे आम सब्जियों में से एक है। यह हर मौसम में उपलब्ध होता है और इसे अन्य कई सब्जियों के साथ मिलाकर भी सेवन किया जा सकता है। भारत में आलू की अच्छी उपज रही है, सेहत के लिहाज से भी आलू को कई प्रकार से लाभकारी माना जाता है। आलू कई विटामिन्स और खनिजों का उत्कृष्ट स्रोत माना जाता है। एक मध्यम आकार के आलू (173 ग्राम) से शरीर के लिए आवश्यक कई प्रकार के पोषक तत्व आसानी से प्राप्त किए जा सकते हैं। इससे 161 कैलोरी, प्रोटीन ( 4.3 ग्राम), कार्ब्स (36.6 ग्राम), फाइबर (3.8 ग्राम) और विटामिन सी, विटामिन बी6, पोटैशियम और मैंगनीज जैसे शरीर के लिए अति आवश्यक पोषक तत्व आसानी से प्राप्त किए जा सकते हैं। अध्ययनों में पाया गया है कि आलू में पाए जाने वाले पोषक तत्व शरीर को स्वस्थ रखने में विशेष लाभकारी हो सकते हैं।

क्या आलू वास्तव में स्वस्थ है?

आलू चूंकि कार्बोहाइड्रेट का उत्कृष्ट स्रोत माना जाता है, ऐसे में अक्सर यह सवाल खड़ा होता रहता है कि क्या जिन लोगों को मधुमेह की समस्या है वह आलू खा सकते हैं? आइए इस बारे में शोध के आधार पर समझते हैं।

एंटीऑक्सीडेंट्स से होता है भरपूर

आलू फ्लेवोनोइड्स, कैरोटेनॉयड्स और फेनोलिक एसिड जैसे यौगिकों से भरपूर होते हैं। ये यौगिक मुक्त कणों के रूप में जाने जाने वाले हानिकारक अणुओं को निष्क्रिय करके शरीर में एंटीऑक्सिडेंट के रूप में कार्य करते हैं। मुक्त कणों के कारण हृदय रोग, मधुमेह और कैंसर जैसी क्रोनिक बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है।

एक टेस्ट-ट्यूब अध्ययन में पाया गया कि आलू में मौजूद एंटीऑक्सिडेंट, लिवर और पेट के कैंसर कोशिकाओं के विकास को कम करने में सहायक हैं।

पाचन को रखता है ठीक

आलू में मौजूद प्रतिरोधी स्टार्च, पाचन स्वास्थ्य में भी सुधार कर सकता है। जब प्रतिरोधी स्टार्च बड़ी आंत में पहुंचता है, तो यह आंतों के गुड बैक्टीरिया के लिए भोजन बन जाता है। ये बैक्टीरिया इसे पचाते हैं और इसे शॉर्ट-चेन फैटी एसिड ब्यूटायरेट में बदल देते हैं।

अध्ययनों से पता चला है कि ब्यूटायरेट, बड़ी आंत में सूजन को कम कर सकता है, इसे कोलोरेक्टल कैंसर के खतरे को कम कर करने वाला भी माना जाता है। आलू से होने वाले नुकसानअध्ययनकर्ताओं के मुताबिक वैसे तो आलू खाने से शरीर को कोई नुकसान नहीं होता है, पर इसका अधिक सेवन पेट में सूजन, कब्ज और पेट दर्द जैसी समस्याओं का कारण बन सकता है। इसके अलावा आलू के अधिक सेवन के कारण कार्बोहाइड्रेट की मात्रा बढ़ जाती है जिसके कारण उच्च रक्तचाप या इंसुलिन प्रतिरोध जैसी समस्याओं का जोखिम भी हो सकता है।

# सावधान: चेहरे को चमकाने का दावा करने वाले उत्पाद हो सकते हैं जानलेवा, इनमें पाए गए हैं कई प्रतिबंधित रसायन



चेहरे को साफ और चमकदार बनाने का दावा करने वाली क्रीम्स का प्रयोग आपने भी जरूर किया होगा। ये कॉस्मेटिक उत्पाद कुछ दिनों में चेहरे की रंगत तो सुधार देते हैं पर क्या आप जानते हैं कि इनका अधिक इस्तेमाल आपके लिए जानलेवा तक हो सकता है? स्किन लाइटनिंग क्रीम्स/उत्पादों से होने वाले गंभीर दुष्प्रभावों को लेकर यूएस फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (एफडीए) ने चेतावनी जारी की है। अध्ययनकर्ताओं ने दावा किया है कि कई स्किन लाइटनिंग उत्पादों में प्रतिबंधित हानिकारक तत्व पाए गए हैं, जो न सिर्फ आपकी त्वचा के लिए नुकसानदायक हैं साथ ही इनका लंबे समय तक उपयोग आंखों, किडनी और फेफड़ों के लिए गंभीर समस्याकारक भी हो सकता है। कुछ स्थितियों में यह बीमारियां मौत का भी कारण बन सकती हैं।

उत्पादों पाया गया प्रतिबंधित हाइड्रोक्विनोन एजेंसी ने एक समाचार विज्ञप्ति में बताया कि कई उत्पादों में हाइड्रोक्विनोन और मर्करी पाया गया हैं। हाइड्रोक्विनोन युक्त उत्पादों के उपयोग के कारण चेहरे पर चकत्ते और सूजन होने और कुछ स्थितियों में स्थाई रूप से त्वचा का रंग उड़ने की समस्या हो सकती है। वहीं मर्करी को अत्यधिक विषैला माना जाता है जिसका अधिक उपयोग तंत्रिका तंत्र, पाचन और प्रतिरक्षा प्रणाली के लिए गंभीर समस्याओं का कारण बन सकता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, ऐसे उत्पादों को लेकर विशेष सावधानी बरतने की आवश्यकता है, ये दीर्घकालिक स्वास्थ्य समस्याओं का जोखिम बढ़ाने वाले हो सकते हैं। आइए जानते हैं कि एफडीए ने इससे होने वाले किन खतरों के लेकर सावधान किया है।

**मेलेनिन की उत्पादकता हो सकती है प्रभावित**

अध्ययनकर्ताओं का कहना है कि स्किन लाइटनिंग उत्पादों की आमतौर पर त्वचा को टोन करने, मुंहासे, उम्र आधारित धब्बे, झाईयों और झुर्रियों के उपचार के रूप में मार्केटिंग की जाती है। दुकानों में ये क्रीम, लोशन, साबुन या पाउडर के रूप में बेचे जाते हैं। इस तरह के ज्यादातर उत्पादों में ऐसे रसायन पाए गए हैं जो मेलेनिन के उत्पादन को प्रभावित करने के साथ त्वचा के लिए कई और प्रकार की गंभीर समस्याओं के जोखिम को बढ़ा सकते हैं। मेलेनिन, मुख्यरूप से त्वचा, बालों और आंखों के रंग के लिए आवश्यक होता है। इनका लंबे समय तक उपयोग कई जानलेवा बीमारियों के खतरे को भी बढ़ाने वाला भी हो सकता है।

**फेफड़े और किडनी की हो सकती हैं गंभीर बीमारियां**

एक अध्ययन रिपोर्ट में स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने बताया कि हाइड्रोक्विनोन/मर्करी युक्त उत्पादों का लंबे समय तक प्रयोग करना आपकी त्वचा के प्राकृतिक रंग को नुकसान पहुंचा सकता है। विटिलिगो यानी कि सफेद दाग के कुछ रोगियों की जांच में ऐसे उत्पादों को एक कारक के रूप में पाया गया है। कुछ शोध इस तरफ भी संकेत करते हैं कि उत्पादों में पाई गई मर्करी त्वचा में जमा होकर कई प्रकार की



चार्ल्स पटेल

विषाक्तता और फेफड़े, किडनी तथा आंखों की गंभीर बीमारियों का कारण भी बन सकती है। फेफड़े और किडनी की बीमारियां जानलेवा भी हो सकती हैं।

**हाइड्रोक्विनोन युक्त उत्पाद हैं प्रतिबंधित**

त्वचा को गोरा करने और मुंहासे जैसी दिक्कतों को दूर करने के लिए भले ही कई कंपनियां ऐसे कॉस्मेटिक उत्पादों में हाइड्रोक्विनोन का उपयोग करती रही हैं, पर गौर करने वाली बात यह है कि एफडीए ने इससे होने वाले दुष्प्रभावों के जोखिम को ध्यान में रखते हुए हाइड्रोक्विनोन युक्त उत्पादों को ओवर-द-काउंटर बिक्री के लिए प्रतिबंधित किया हुआ है। इसी तरह स्किन लाइटनिंग उत्पादों में मर्करी के उपयोग पर भी रोक लगाया गया है। बावजूद इसके दुनियाभर में कई कॉस्मेटिक उत्पादों का धड़ल्ले से इस्तेमाल किया जाता रहा है।

# जीभ के रंग में बदलाव के आधार पर डायबिटीज का लगा सकते हैं पता? ऐसे लक्षणों को लेकर रहें सावधान



जीभ के रंग और इसकी आकृति में बदलाव के आधार पर कई तरह की स्वास्थ्य समस्याओं का अंदाजा लगाया जा सकता है। यही कारण है कि अक्सर जब आप डॉक्टर के पास जाते हैं तो वह मुंह खोलने और जीभ बाहर करने को कहते हैं। असल में जीभ के रंग के आधार पर आपके शरीर में पनप रही कई तरह की समस्याओं का अंदाजा लगाया जा सकता है। जीभ का रंग हल्का गुलाबी रहना सामान्य माना जाता है पर इसके रंग में होने वाला अन्य प्रकार का बदलाव कई तरह की गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं की तरफ इशारा भी हो सकता है जिसके बारे में सभी लोगों को सतर्कता बरतते रहने की सलाह दी जाती है। डॉक्टरों का मानना है कि हमारी जीभ हर समय एक जैसी गुलाबी नहीं रहती है। कभी-कभी यह पीली, सफेद या गहरे लाल रंग की भी हो सकती है। रंगों में ये बदलाव इस बात का संकेत हैं कि शरीर में चिकित्सकीय रूप से सबकुछ सही नहीं है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं कि यदि आपको भी अपनी जीभ में कुछ असामान्य सा बदलाव या रंग में अजीब सा परिवर्तन दिख रहा है तो इस बारे में जरूर किसी विशेषज्ञ से सलाह ले लें। ऐसा करके आप किसी गंभीर बीमारी या संक्रमण को शुरुआती अवस्था में ही पहचान कर उसका उपचार कर सकते हैं। आइए जानते हैं कि जीभ के रंग में बदलाव के आधार पर सेहत के बारे में किस प्रकार से अंदाजा लगाया जा सकता है? क्या जीभ देखकर भी डायबिटीज का पता लगाया जा सकता है?

**जीभ का पीलापन**

जीभ का पीलापन आमतौर पर बैक्टीरिया के विकास के कारण होता है। गड़बड़ ओरल हाइजीन और मुंह में शुष्की के कारण भी बैक्टीरिया पनपने लगते हैं, जिससे कई प्रकार के संक्रमण का खतरा हो सकता है। जीभ का पीला होना सामान्यतौर पर पीलिया का एक लक्षण माना जाता है पर क्या आप जानते हैं कि यह डायबिटीज का भी संकेत हो सकता है? साल 2019 के एक अध्ययन से पता चलता है कि पीली जीभ मधुमेह का संकेत हो सकती है, जिसपर गंभीरता से ध्यान देने की आवश्यकता होती है।



# साप्ताहिक राशि भविष्यफल



**मेष** : यह सप्ताह मिलाजुला रहने वाला है। नई चुनौतियां आने के साथ नए कार्य भी प्राप्त होंगे। आर्थिक संकट कम जरूर होंगे किंतु पूरी तरह समाप्त नहीं होंगे। संपत्ति से जुड़े कार्य बिना बाधा पूरे हो जाएंगे। करियर के लिए समय बेहतर है। चाहे आप नौकरी में हों या बिजनेस में, लाभ ही होगा। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा।

**वृषभ** : इस सप्ताह भौतिक सुख-सुविधाओं में वृद्धि होगी। कोई मान-सम्मान, प्रतिष्ठा प्राप्त हो सकती है। नौकरी में उन्नति, व्यापार में वृद्धि होगी। आर्थिक परेशानी कम होगी और एक से ज्यादा साधनों से आय होने का अनुमान है। घर-परिवार में नया वाहन आने के योग हैं। पारिवारिक, दांपत्य जीवन सुखद रहेगा।

**मिथुन** : सप्ताह का प्रारंभ किसी शुभ समाचार से होगा। आर्थिक स्थिति के लिय समय सतर्क रहने का है। पैसा फंस सकता है, निवेश में मनमुताबिक लाभ होने के आसार कम हैं। कारोबारियों को नया निवेश करना पड़ सकता है। नए कार्य प्रारंभ करने के लिए समय बेहतर है। नौकरीपेशा काम की अधिकता से जूझेंगे।

**कर्क** : इस सप्ताह लंबे समय से अटके हुए कार्य पूर्ण होने के योग हैं। आपके साहस पराक्रम में वृद्धि होगी। आर्थिक मामलों में या निवेश करते समय बड़ों और अनुभवियों की राय लेना जरूरी रहेगा। बिना सोचे-समझे बड़ा निवेश करने से बचें। नया कार्य प्रारंभ करने का सही समय है। स्वास्थ्य ठीक रहेगा। परिवार का सहयोग प्राप्त रहेगा।

**सिंह** : सामाजिक और पारिवारिक जीवन के लिए समय उत्तम है। आपके निर्णयों और कार्यो को सराहना मिलेगी। नौकरीपेशा को दौड़भाग जरूर रहेगी किंतु लाभ के अवसर भी प्राप्त होंगे। युवाओं को नई नौकरी के बेहतर अवसर मिलेंगे। इस सप्ताह शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहेंगे।

**कन्या** : सप्ताह शुभ है। उन्नति के कई बेहतर अवसर मिलेंगे, उनमें से अपने लिए श्रेष्ठ का चुनाव आपको करना होगा। नौकरीपेशा लोगों के दायित्यों में बदलाव हो सकता है। व्यापारियों को सही समय के लिए थोड़ा इंतजार करना पड़ेगा। विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता मिल सकती है। स्वास्थ्य में पहले से सुधार आएगा। आर्थिक-पारिवारिक स्थिति के लिए समय ठीक है।

**तुला** : सप्ताह सामान्य है। मानसिक रूप से परेशान रहेंगे जिसका असर आपके स्वास्थ्य पर भी पड़ सकता है। इसलिए बेहतर होगा कि तनाव लेना बंद करें। सब समय पर छोड़ दें। सप्ताहांत में कोई शुभ और प्रसन्न करने वाला समाचार मिलेगा। इस सप्ताह साझेदारी में किए गए कार्य लाभ देंगे। नया बिजनेस प्रारंभ कर सकते हैं।

**वृश्चिक** : सप्ताह कुछ मामलों में परेशानी भरा रह सकता है। भाई-बहनों से संपत्ति को लेकर मनमुटाव हो सकता है। नौकरी में उच्चाधिकारियों से संबंध खराब होंगे। व्यापार का विस्तार करने के लिए कर्ज लेना पड़ सकता है। परिवार का सहयोग प्राप्त रहेगा। आर्थिक स्थिति में सुधार आएगा। किसी के बहकावे में न आएं।

**धनु** : सप्ताह शुभ है। धार्मिक आध्यात्मिक गतिविधियों में शामिल होने का अवसर आएगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन बेहतर रहेगा। सुखद दांपत्य जीवन रहेगा। प्रेम संबंध मजबूत होंगे। माता-पिता के सहयोग से बड़ा काम पूरा होगा। नौकरी में उन्नति के योग हैं। व्यापार में विस्तार करेंगे।

**मकर:** इस सप्ताह अपने कार्य पूरे करवाने के लिए किसी पर अनावश्यक दबाव न डालें, वरना संबंध खराब हो सकते हैं। किसी बात पर उच्चाधिकारियों से मनमुटाव हो तो शांत रहें। पारिवारिक, सामाजिक जीवन बेहतर रहेगा। नए प्रेम संबंध बन सकते हैं। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी किंतु पुराने निवेश अटक सकते हैं।

**कुंभ** : इस सप्ताह नौकरी में भागदौड़ ज्यादा रहेगी। कार्य पूरे नहीं होने से मन खिन्न रहेगा। स्वास्थ्य पर ध्यान दें। कारोबारी अपने कर्मचारियों की जरूरतों का ध्यान रखें। सप्ताह में कोई विशेष काम पूरा हो जाने से मन में प्रसन्नता रहेगी। आर्थिक दृष्टि से सप्ताह ठीक है। संपत्ति वाहन खरीदने का सोच रहे हैं तो इसे कार्य रूप में परिणित कर पाएंगे।

**मीन** : सप्ताह कुल मिलाकर बेहतर रहेगा। सोचे कार्य आसानी से पूरे हो जाएंगे। आगे बढ़ने के अनेक अवसर आएंगे। नौकरी में स्थिति शांतिपूर्ण रहेगी। व्यापार में ठहराव के बावजूद लाभ की स्थिति में रहेंगे। प्रेम संबंधों में मजबूती आएगी और फिर से नई ऊर्जा से भर जाएंगे। निवेश के लिए समय शुभ है। स्वास्थ्य बेहतर रहेगा। कोई बड़ी परेशानी स्वास्थ्य से जुड़ी इस बार नहीं आएगी।






साली-जीजा अगले जन्म में क्या बनोगे?
जीजा – जी छिपकली बनूंगा।
साली- वो क्यों?
जीजा – क्योंकि आपकी बहन
सिर्फ छिपकली से ही डरती है

बाप: नालायक! तू फेल हो गया
आज से कभी मुझे पापा मत कहना।
बेटा: ओह कमऑन डैड..!
स्कूल टेस्ट ही तो था, कोई DNA टेस्ट थोड़ी न था।

पापा:- टिंकू क्या बात है तेरी मम्मी आज इतनी चुप-चाप क्यों बैठी है?
टिंकू :- बस ऐसे ही पापा, मम्मी ने मुझसे लिपस्टिक मांगी थी तो मैंने गलती से फेवीस्टिक दे दी है...
पापा (हंसते हुए):- जुग-जुग जिओ मेरे लाल... भगवान सभी को ऐसा ही बेटा दे...

टीचर :- तुम्हारी English बहुत कमजोर है !!!
गट्टू :- क्यूं झूठ बोल रही हो टीचर आप ?
टीचर :- अच्छा तो ये बताओ बहरे हो English मे क्या बोलते है ?
गट्टू :- उसे English कुछ भी बोल दो कौन सा उसे सुनाई देने वाला है!

# डॉक्टर बनने का सपना छोड़ सीए बनी खुशबू सांघवी सामाजिक कार्यों में भी आगे

मुम्बई। एक नारी जिसने पिछले 4-5 सालों मे शिक्षा की दुनिया मे एक नया आयाम हासिल किया। एक साधारण परिवार में जन्म लेने के बाद कैसे उन्होंने अपनी CA की शिक्षा पूरी की और कैसे आज वह समाज में सीए विद्यार्थीयों को शिक्षित कर रही हैं?

**प्रस्तुत है सीए खुशबू गिरीश सांघवी के साथ एक चर्चा के कुछ अंश :-**

**प्रश्न :** आज इस मुकाम पर पहुँचकर आप कैसा महसूस करती हैं ?

**खुशबू :** काफी अच्छा लगता है, खुशी होती है।

मेरे मम्मी पापा ज्यादा पढ़े लिखे नहीं है पर उनकी इच्छा थी कि उनके बच्चे अच्छी शिक्षा ग्रहण करें, उनका सपना पूरा करने के लिये मेरी यह एक छोटी सी कोशिश थी।

**प्रश्न :** सुना है कि आपने पहले साइंस तक की पढाई की फिर एकदम से साइंस छोडकर CA की पढाई कैसे शुरू कर दी?

**खुशबू :** हाँ यह सच है कि मैं पहले साइंस की विद्यार्थी थी। परंतु वह काफी महंगी पढ़ाई थी और उतने पैसे उस समय हमारे पास नहीं थे। इसलिये मैंने डॉक्टर बनने के सपने को छोड़ दी और अपने माँ - बाप के कहे अनुसार CA बनने के सफर पर चल पड़ी। CA की पढाई में साइंस जितना खर्चा नहीं होता है।

**प्रश्न :** CA की पढाई भी तो महंगी होती होगी, तो आपको उसके लिये भी कुछ तकलीफे उठानी पड़ी होगी?

**खुशबू :** तकलीफे तो हर जगह होती है पर हमको उनके बारे में सोचने के बजाय, उनको दूर करने के बारे में सोचना चाहिए। मेरे पापा ने



मेरी CA की पढ़ाई के लिए एक संस्था से लोन लिया था, ताकि मैं आसानी से अपनी पढ़ाई पूरी कर सकूँ।

**प्रश्न :** आज आप समाज सेवा के लिए पहचानी जाती हैं। कोविड-19 में 7000 से ज्यादा बच्चों को आपने मुफ्त में शिक्षा दी थी। उसके अलावा आप काफी सारे संस्थान से जुड़ी हुई हैं, जो बुजुर्ग लोगों की सेवा में लगे हुए हैं। आपको यह प्रेरणा कहां से मिली?

**खुशबू :** हर शख्स की लाइफ में कोई न कोई प्रेरणा होती है। और मेरी लाइफ की प्रेरणा मेरे गुरु CA महेश गौड़ सर हैं।

मैंने हमेशा उनको निस्वार्थ भाव से लोगों की सेवा करते देखा है, उनसे ही मैंने एक चीज सीखी है कि समाज का अपने ऊपर एक ऋण होता है और हमको वह चुकाना चाहिए।

**प्रश्न :** आप मेकेडेमी प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर हैं, गौड़'स ई लर्निंग में पार्टनर है और खुशबू गिरीश सांघवी एंड एसोसिएट में प्रोप्राइटर हैं। हमने सुना है कि अभी अभी आपकी शादी भी हुई है तो, आप पर नए घर की जिम्मेदारियां भी होगी, इतना सब आप कैसे मैनेज कर पाती हैं?

**खुशबू :** बिजनेस में मुझे मेरे गुरु का मार्गदर्शन मिलता रहता है और मेरी टीम का मुझे पूरा सहयोग मिलता है। रही बात शादी की तो मेरे सास और ससुर जी ने हमेशा मुझे आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया है और मेरे पति हमेशा मुझे सपोर्ट करते हैं।

मुझे कभी लगा ही नहीं कि मैं अपने ससुराल में हूं, मुझे यहां वैसा ही प्यार मिलता है जैसा मुझे मेरे मम्मी पापा के वहां मिलता था। और इस तरह के वातावरण में चीजों को संभालना काफी सरल हो जाता है।

**प्रश्न :** आप अपनी सफलता का श्रेय किसे देती हैं?

**खुशबू :** अपनी मम्मी दक्षा बेन, पापा गिरीश सांघवी और मेरे गुरु महेश गौड़ सर को।

# ओमप्रकाश पांडेय लिखित 'आँचल' कविता संग्रह का लोकार्पण डॉ अलका पांडेय और पवन तिवारी के हाथों सम्पन्न




मुम्बई। कवि ओमप्रकाश पांडेय के प्रथम कविता संग्रह 'आँचल' का विमोचन प्रेस क्लब में मुम्बई भाषा परिषद के तत्त्वावधान में 10 सितम्बर 2022 की शाम गरिमामय परिवेश में कई कवियों, साहित्यकारों, पत्रकारों एवं गणमान्य लोगों की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। समारोह की अध्यक्षता वरिष्ठ लेखिका अलका पांडेय ने की। मुख्य अतिथि थे मुम्बई हिन्दी अकादमी के अध्यक्ष एवं एवं युवा साहित्यकार पवन तिवारी, विशेष अतिथि के रूप में समाजसेवी राम कुमार पाल, वरिष्ठ लेखक सेवासदन प्रसाद तथा आर के पब्लिकेशन के निदेशक रामकुमार के अपनी भूमिका का निर्वहन किया।कार्यक्रम का आरम्भ सरस्वती वंदना के साथ वरिष्ठ गीतकार रामस्वरूप साहू ने किया। लोकार्पण के बाद काव्य पाठ का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

कविता पाठ करने वाले कवियों में नंदलाल क्षितिज, अरुण प्रकाश अनुरागी, पारमिता षड़ंगी, डॉ. पूनम पटवा, चन्द्रिका व्यास, काविश समर, रामपुरी, पवन तिवारी, डॉ वर्षा सिंह, रमाकान्त ओझा, लहरी, विश्वम्भर दयाल तिवारी, त्रिलोचन सिंह अरोरा, उदय नारायण सिंह निर्झर, सूर्यकांत शुक्ल आदि प्रमुख थे। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार संतोष साहू, मुम्बई अमरदीप के सम्पादक उपेंद्र पंडित, कलाकार संदीप कुमार का विशेष सम्मान किया गया। कार्यक्रम का शानदार संचालन डॉ वर्षा सिंह ने किया। कार्यक्रम का संयोजन आर के पब्लिकेशन के स्वामी राम कुमार ने किया।

# राष्ट्रीय आभूषण पुरस्कार (एनजेए) 2021-22 जूरी राउंड का समापन - 23 सितंबर को ग्रैंड फिनाले के लिए मंच तैयार



ऑल इंडिया जेम एंड ज्वैलरी डोमेस्टिक काउंसिल (जीजेसी) नेशनल ज्वैलरी अवाड्र्स (एनजेए) 2021-22 के 11वें संस्करण के विजेताओं की घोषणा करने के लिए पूरी तरह तैयार है क्योंकि इसने ताज, मुंबई में जूरी राउंड का सफलतापूर्वक समापन किया। जूरी सदस्यों में जीवन के विभिन्न क्षेत्रों से प्रतिष्ठित हस्तियां शामिल थीं: श्री जयकुमार मखीजा (फैशन डिजाइनर), सुश्री विद्या मजूमदार (वैश्विक अनुपालन निदेशक - एचआरडी एंटवर्प, श्री गौतम शाह (उद्यमी और संचालित मुख्य विनिर्माण अधिकारी, 30 वर्षों की अग्रणी उद्योग विशेषज्ञता के साथ) डोमेस्टिक्स एंड इंटरनेशनल में जेम्स एंड ज्वैलरी में), श्री आनंद शाह (आनंद शाह ज्वेल्स), श्री गौतम बनर्जी (गौतम बनर्जी ज्वैलरी), कामाक्षी कुमार जी (सौराष्ट्र के चूड़ा के युवराज साहेब), सुश्री दीपाल पात्रावाला (उद्यमी), सुश्री पूनम नरूला (टेलीविजन अभिनेत्री)।

एनजेए के 11वें संस्करण के विजेताओं की घोषणा 23 सितंबर 2022 को एक भव्य शाम के दौरान की जाएगी।ब्राइड्स प्राइड (गोल्ड/डायमंड/जडाऊ ब्राइडल ज्वैलरी) जैसी कुल 17 श्रेणियों को पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे; वस्त्र आभूषण (सोना या हीरा); नए जमाने की महिला आभूषण - 9-से-5 (सोना या हीरा); पारंपरिक आभूषण (कारीगर का गौरव); प्लेटिनम आभूषण; द टच ऑफ कलर (कलरस्टोन ज्वैलरी), द ट्रेजर ऑफ ओशन (पर्ल ज्वैलरी); जिरकोनिया आभूषण; चूड़ी / कंगन / कड़ा; कान की बाली; अँगूठी; गौण; सभी की निगाहें उस पर (पुरुषों के आभूषण); स्टर्लिंग सिल्वर ज्वैलरी और कलाकृतियाँ। एनजेए उत्कृष्टता पुरस्कार, स्टोर पुरस्कार, डिजाइनर पुरस्कार, कारीगर पुरस्कार, वर्ष का छात्र पुरस्कार, कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व पुरस्कार, महिला उद्यमी पुरस्कार और विशेष पुरस्कार (अनमोल रत्न पुरस्कार, युवा रत्न पुरस्कार और उत्तर, पूर्व के लिए वर्ष का रत्न) भी प्रदान करता है। पश्चिम और दक्षिण)। एनजेए के जूरी राउंड के समापन के बारे में बोलते हुए, श्री आशीष पेठे, अध्यक्ष, जीजेसी ने कहा, "जीजेसी का एनजेए पुरस्कार सबसे बड़ा मंच है जो भारत के रत्न और आभूषण क्षेत्र के सभी क्षेत्रों को मान्यता देता है और उनकी सराहना करता है। हमारे उत्कृष्ट डिजाइन उद्योग के छिपे हुए रत्न हैं और एनजेए पुरस्कार इस राष्ट्रीय खजाने को केंद्र-स्तर पर ले जाने के लिए ऊंचा करते हैं। प्रतिभागियों द्वारा किए गए प्रयासों को देखकर खुशी होती है जो भारतीय ज्वैलर्स की प्रतिस्पर्धी भावना को दर्शाता है। एनजेए उद्योग द्वारा उद्योग के लिए पुरस्कार है और मैं सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देता हूं।

श्री नीलेश शोभावत, संयोजक-एनजेए, जीजेसी ने कहा, "हमें इस वर्ष राष्ट्रीय आभूषण पुरस्कारों के लिए व्यापक प्रतिक्रिया मिली है। लोगों ने अपने ज्वैलरी पीस बनाने के लिए बहुत प्रयास किए हैं और हमें 850 से अधिक प्रविष्टियां प्राप्त हुई हैं। पूरे देश को उनकी अथक भावना, ऊर्जा और उत्साह की सराहना करनी चाहिए क्योंकि वे कारोबारी माहौल में कई चुनौतियों के बावजूद आगे बढ़ रहे हैं। एनजेए साबित करता है कि भारत में कारीगरों और शिल्पकारों के साथ-साथ युवा छात्रों की प्रतिभा का एक विशाल पूल है जो इस पेशे को अपना रहे हैं। ग्रैंड जूरी राउंड का समापन हो गया है और उद्योग एनजेए के 11वें संस्करण के विजेताओं के पथप्रदर्शक डिजाइनों को देखने के लिए उत्साहित है। प्रतिभागियों को एनजेए के लाभ: एनजेए सदस्यों को आभूषण उद्योग में राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त करने का सुनहरा अवसर प्रदान करता है। यह उद्योग के साथ-साथ बड़े पैमाने पर प्रत्यक्ष ग्राहकों के साथ एक स्थायी इमेजरी बनाने में मदद करता है। एनजेए उद्योग के नवीनतम रुझानों और फैशन के साथ व्यक्तियों के ज्ञान को बढ़ाने में योगदान देता है।

एनजेए परोक्ष रूप से उद्योग के डिजाइन और रुझानों के संदर्भ में किसी की क्षमता को प्रोत्साहित करने में मदद करता है। यह सदस्यों को उद्योग में अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्रदान करता है। एनजेए अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्रदान करता है और उद्योग में प्रतिभागियों के लिए एक अप्रयुक्त व्यावसायिक अवसर खोलता है।

जीजेसी के बारे में: अखिल भारतीय रत्न और आभूषण घरेलू परिषद (जीजेसी) घरेलू रत्न और आभूषण उद्योग के निर्माताओं, थोक विक्रेताओं, खुदरा विक्रेताओं, वितरकों, प्रयोगशालाओं, जेमोलॉजिस्ट, डिजाइनरों और संबद्ध सेवाओं सहित लाखों व्यापार घटकों का प्रतिनिधित्व करती है। उद्योग के हितों की रक्षा करते हुए, परिषद अपने विकास को बढ़ावा देने और प्रगति करने के लिए 360 ° दृष्टिकोण के साथ उद्योग, उसके कामकाज और उसके कारण को संबोधित करने के उद्देश्य से कार्य करती है। GJC, पिछले 15 वर्षों से, उद्योग की ओर से और उद्योग के लिए विभिन्न पहल करके सरकार और व्यापार के बीच एक सेतु का काम कर रहा है।

# अभिनेता मयंक कौल की बॉलीवुड यात्रा है बेहद दिलचस्प

हाल ही में रिलीज़ हुई साई कबीर की फ़िल्म हॉली काऊ में मयंक कौल की अद्भुत प्रतिभा नजर आई

मयंक कौल भले ही नवोदित अभिनेता हों, लेकिन वह बॉलीवुड में काम करते रहने के लिए आए हैं। उनकी हाल ही में रिलीज़ हुई साई कबीर की फ़िल्म हॉली काऊ में मयंक की अद्भुत प्रतिभा और जुनून की झलक है। एक पेशेवर पर्वतारोही, मयंक ने हॉली काऊ और आगे के प्रोजेक्ट्स पर बात की:

**सवाल** - मुंबई आकर बॉलीवुड में किस्मत आजमाने के लिए आपको किस बात में प्रेरित किया?

**जवाब** - मैं हमेशा से फिल्मों में आना चाहता था। तो, मैं यहाँ हूँ जहाँ मेरा होना तय था!

**सवाल** - यह फिल्म हॉली काऊ आपको कैसे मिली? और फिल्म में आपका क्या रोल है?

**जवाब** - मैं एक लोकल गैंगस्टर के भतीजे की भूमिका निभा रहा हूं जो खुद एक गैंगस्टर भी है। यह एक मजेदार भूमिका है, यह एक ब्लैक कॉमेडी है।

मैं निर्देशक साई कबीर के अधीन उनके सहायक के रूप में 2014 से काम कर रहा था और इस प्रोजेक्ट पर भी काम कर रहा था जब तक कि यह चरित्र सामने नहीं आया और उन्होंने मुझे यह रोल पेश किया और कैमरे के पीछे से मैं कैमरे के सामने आया (वह मुस्कुराते हैं)। यह बहुत लंबा ट्रैक नहीं है लेकिन यह दिलचस्प है।

**सवाल** - साई कबीर एक जाने माने निर्देशक हैं। जब आपको इस फिल्म में अभिनय करने का प्रस्ताव मिला तो आपकी क्या प्रतिक्रिया थी? और साईं के साथ काम करने का आपका अनुभव कैसा रहा?

**जवाब** - यह बहुत अजीब लेकिन थोड़ी लंबी कहानी है कि उन्होंने मुझे जुहू में देखा जब मैं सिगरेट खरीद रहा था और वह भी सिगरेट खरीदने



आए थे। उस समय वह युवाओं के बारे में एक फिल्म की योजना बना रहे थे जो वास्तव में कभी नहीं बनी और कास्टिंग कर रहे थे और मुझसे पूछा कि क्या मैं एक अभिनेता हूं और मुझे अगले दिन ओकवुड होटल में मिलने के लिए बुलाया, जहां वह और उनकी टीम काम कर रही थी और फिल्म का शीर्षक जवानी था जिसमें मुझे एक समानांतर लीड रोल की पेशकश की गई थी।

**सवाल** - क्या अभिनय आपका बचपन का सपना था या जीवन में बड़े होने के साथ यह शौक आप पर चढ़ा?

**जवाब** - मुझमें धीरे-धीरे एक्टिंग का रूझान बढ़ता गया.

**सवाल** - इंडस्ट्री में पहले से ही बहुत सारे न्यूकमर्स हैं। आप कलाकारों के इस समुद्र में कैसे फिट होते हैं?उनमें से एक विजेता बनने के लिए आपकी क्या रणनीति है?

**जवाब**- हर दिन सड़क पर अधिक कार, स्कूटर, मोटरसाइकिल, ट्रक, बस आदि होते हैं, लेकिन हम लोगों से मिलने और काम को करने के लिए बाहर जाना बंद नहीं करते। तो भीड़ से वास्तव में कोई फर्क नहीं पड़ता। भीड़ के बावजूद हर जगह अवसर है।

**सवाल** - बॉलीवुड में आपका आदर्श कौन है? कोई सदाबहार पसंदीदा अभिनेता?

**जवाब** - संजय दत्त और इरफान खान

**सवाल** - आपका फिटनेस मंत्र क्या है?

**जवाब** - यह जेनेटिक है।

**सवाल** - आप खुद को कैसे आराम देते हैं?

**जवाब** -अच्छे संगीत, चंद लोगों, अच्छे दोस्तों के साथ मैं खुद को आराम देता हूं। कुछ हद तक अपने आप मे रहने वाला, मुझे बहुत सारे लोग पसंद नहीं हैं।

**सवाल** - आप मुंबई को एक शब्द में कैसे परिभाषित करते हैं?

**जवाब** - ऊर्जा, ऊर्जा और ऊर्जा..

## सुर झंकार द्वारा मुंबई सिनेमा पुरस्कार 2022 का आयोजन,

# डॉ राजन हांडा, ममता श्रीवास्तव, दिलीप सेन, अगम कुमार निगम और कमल कुमार हंसराज की उपस्थिति

सुर झंकार कल्चरल सोसाइटी द्वारा मुम्बई सिनेमा अवार्ड 2022 का भव्य आयोजन मुम्बई के रंगशारदा में किया गया जहां मुख्य अतिथि डॉ राजन हांडा थे। ममता श्रीवास्तव द्वारा आयोजित इस पुरस्कार समारोह में दिलीप सेन, अली खान, आरती राज़दान, अगम कुमार निगम और कमल कुमार हंसराज (सोनोटेक कंपनी) सहित कई मेहमान मौजूद रहे, जिन्हे सम्मान से नवाजा गया।

गणेश वंदना से इस कार्यक्रम की शुरुआत हुई। सिंगर सुभाष कश्यप ने गीत "तू गंगा की मौज" सुनाया तो महेंद्र शर्मा ने "है दुनिया उसी की" गीत गाकर मंत्रमुग्ध कर दिया। संजीव सूरी ने "इश्क में हम तुम्हे क्या बताएं" और ओम चतुर्वेदी ने "जो तुम को हो पसन्द वही बात कहेंगे" गाया।

सुरीली और वर्षा ने गीत हंसता हुआ नूरानी चेहरा पर डांस किया। सुरीली और वर्षा की टीचर ममता श्रीवास्तव इस प्रोग्राम की ऑर्गनाइजर थीं। सुरीली ममता की बेटी भी हैं।

सोनू निगम के पिता अगम कुमार निगम ने "रंग और नूर की बारात किसे पेश करूँ" गाया।

सिंगर उषा तिमोथी जी ने एक गीत जब जब चांद निकला, मुझे तुम याद आए गाया जो तकदीर फ़िल्म के लिए उन्होंने राजश्री प्रोडक्शन के लिए गाया था। उषा जी ने कहा कि मोहम्मद रफी ने मेरा नाम इस गीत के लिए सजेस्ट किया था। अगम कुमार निगम के साथ उषा जी ने बेखुदी में सनम उठ गए जो कदम गाया।

उषा जी ने दिल ने पुकारा और हम चले आए गीत भी गाया। डॉ साक्षी



मदान ने यहां डांस पेश किया। उन्होंने कत्थक नृत्य में पीएचडी किया है।

ऑर्गनाइजर ममता श्रीवास्तव ने रफी जी और लता जी को ट्रीब्यूट पेश किया। ममता श्रीवास्तव की एक खूबी यह भी यह है कि वह दिव्यांगों को संगीत सिखाती है। ममता श्रीवास्तव ने गीत गाया "चिठ्ठी न कोई सन्देश जाने कहाँ चले गए।"

इस प्रोग्राम में करण राज़दान की आने वाली फिल्म हिंदुत्व का भी प्रोमोशन हुआ। फ़िल्म का टाइटल सांग दिखाया गया। करण राज़दान का अवार्ड आरती राज़दान ने लिया।

सुर झंकार संस्था द्वारा रंग शारदा सभागार में आयोजित किए गए इस कार्यक्रम में कमल रहेजा ने जबरदस्त एंकरिंग करते हुए दर्शकों को बांध कर रखा। कमल रहेजा ने करण राज़दान की आने वाली फिल्म हिंदुत्व में एक किरदार भी निभाया है।

मुम्बई सिनेमा अवार्ड 2022 से वाइस ओवर आर्टिस्ट संजय केनी को भी सम्मानित किया गया उन्होंने स्टेज मुन्ना और सर्किट की आवाज़ में मिमिक्री भी की। मिस विनी राणा को उनकी अपकमिंग वेब सीरीज हनीमून डायरी के लिए बेस्ट प्रोमिसिंग न्यू कमर ऐक्ट्रेस से नवाजा गया।

सिंगर उषा जी को मुम्बई सिनेमा अवार्ड 2022 से नवाजा गया। डॉ शैलेन्द्र श्रीवास्तव, राजश्री प्रोडक्शन से पीके गुप्ता, विजय उपाध्याय, अली खान को भी पुरुस्कार मिला। अली खान ने ममता श्रीवास्तव की सुरीली आवाज की तारीफ की।

दिलीप सेन ने अवार्ड लेने के बाद कहा कि मुम्बई सिनेमा अवार्ड की ऑर्गनाइजर ममता श्रीवास्तव का यह बेहतरीन प्रयास है।

संजय केनी, ऐक्ट्रेस तृप्ति राजपूत, अगस्त्य आनंद, संजीव सूरी, सुभाष कश्यप, महेंद्र शर्मा, वसंत भंडारी, ऐक्ट्रेस मिनी बंसल को भी इस अवार्ड से सम्मानित किया गया। सुधीर गायकवाड़ ने करीना का अवार्ड लिया। मधु भारती, प्रदीप जैन को भी पुरुस्कार मिला। खास बात यह रही कि दिव्यांग कलाकारों की सहायता के लिए इस प्रोग्राम का आयोजन किया गया। अमरीका में रहने वाली भारतीय मूल की सिंगर अल्का भटनागर का अवार्ड रमाकांत मुंडे ने लिया।अभिलाषा शर्मा को सम्मान मिला। एक दिव्यांग कलाकार ने डांस परफॉर्म करके सबका दिल जीत लिया।

पुरुस्कार समारोह के पीआर की जिम्मेदारी रमाकांत मुंडे (मुंडे मीडिया) ने बखूबी निभाई।

# 'भारत जोड़ो यात्रा' के लिए फंड न देने पर कांग्रेसियों की दुकानदार के साथ बदसलूकी, सब्जियां फेंकी

कांग्रेस की 'भारत जोड़ो यात्रा ' के लिए फंड न देने पर दुकानदार के साथ कथित तौर पर धमकी देने का मामला सामने आया है। न्यूज एजेंसी एएनआई के मुताबिक, केरल के कोल्लम में यात्रा के लिए 2000 रुपये न देने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सब्जी विक्रेता के साथ बदसलूकी की। सब्जी की दुकान चलाने वाले एस फवाज ने बताया कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं का एक दल उनकी दुकान पर पहुंचा था। उनसे यात्रा' के लिए चंदा मांगा। उन्होंने कहा कि, 500 रुपये दिए लेकिन उन्होंने 2000 रुपये की मांग की। जिसके बाद तराजू को नुकसान पहुंचाया और सब्जियां फेंक दीं। कार्यकर्ताओं ने दुकान में नुकसान पहुंचाया है। तीन किए निलंबित फंड ने देने पर दुकानदार को कथित तौर पर धमकी देने का मामला तूल पकड़ने पर कांग्रेस पार्टी एक्शन में आ गई है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष सुधाकरन ने 'भारत जोड़ो यात्रा' के लिए 2000 रुपये ने देने पर सब्जी दुकान विक्रेता के साथ बदसलूकी करने के मामले में पार्टी के तीन कार्यकर्ताओं को निलंबित कर दिया है। कोल्लम से अलाप्पुझा जाएगी यात्रा 11 सितंबर को भारत जोड़ो यात्रा केरल में प्रवेश कर चुकी हैं। केरल में प्रवेश करने के बाद राहुल गांधी 19 दिनों की अवधि में 450 किमी की यात्रा करके मलप्पुरम के नीलांबुर तक जाएंगे। यह यात्रा 14 सितंबर को कोल्लम जिले में पहुंची थी। उसके बाद 17 सितंबर को अलाप्पुझा पहुंचेगी और 21-22 सितंबर को एर्नाकुलम जिले से होते हुए 23 सितंबर को त्रिशूर पहुंचेगी। इसके बाद यात्रा के अन्य पड़ाव होंगे। कन्याकुमारी से कश्मीर तक की इस यात्रा में कांग्रेस नेता 3570 किलोमीटर की दूरी तय करेंगे। पार्टी ने राहुल समेत 119 नेताओं को "भारत यात्री" नाम दिया है जो कन्याकुमारी से पदयात्रा करते हुए कश्मीर तक जाएंगे। 19 सितंबर को प्रियंका गांधी के भी भारत जोड़ो यात्रा में शामिल होने की संभावना है।




# मुंबई और पंजाब को मिला नया हेड कोच

## MI ने मार्क बाउचर तो पंजाब ने ट्रेवर बेलिस को सौंपी जिम्मेदारी, जयवर्धने और कुंबले को हटाया गया

साउथ अफ्रीका टीम के कोच और पूर्व क्रिकेटर मार्क बाउचर को मुंबई इंडियंस का नया हेड कोच नियुक्त किया है। वो महेला जयवर्धने की जगह लेंगे। वहीं, पंजाब किंग्स ने अनिल कुंबले को टीम के हेड कोच के पद से हटाकर 2019 वर्ल्ड कप के दौरान इंग्लैंड टीम के कोच रहे ट्रेवर बेलिस को ये जिम्मेदारी सौंपी है।


मार्क बाउचर
हेड कोच - मुंबई इंडियंस


ट्रेवर बेलिस
हेड कोच - पंजाब किंग्स

IPL सीजन 2023 से दोनों हेड कोच की भूमिका में नजर आएंगे। महेला जयवर्धने फ्रेंचाइजी से जुड़े रहेंगे, लेकिन उन्हें कुछ बड़ी जिम्मेदारियां सौंप दी गई हैं। जिसके चलते उन्हें हेड कोच की भूमिका को छोड़ना पड़ा।

इस नियुक्ति के बाद बाउचर ने कहा, 'मैं इस चुनौती को लेकर उत्साहित हूं और जिन परिणामों की मुझसे आशा की जा रही है उसकी इज्जत करता हूं।

ये एक मजबूत यूनिट है जिसमें कई शानदार खिलाड़ी और अच्छी लीडरशिप है। मैं इस डायनामिक यूनिट में और वैल्यू ऐड करने को लेकर उत्साहित हूं।'

**टी-20 वर्ल्ड कप के बाद नहीं होंगे साउथ अफ्रीका के कोच**

हाल ही में साउथ अफ्रीका को इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में 2-1 से शिकस्त मिली इसके ठीक बाद बाउचर ने ऑस्ट्रेलिया में होने वाले टी-20 वर्ल्ड कप के बाद साउथ अफ्रीका टीम के कोच के पद को छोड़ने का ऐलान किया था।

**2017 से मुंबई के हेड कोच रहे थे जयवर्धने**

श्रीलंका के पूर्व दिग्गज खिलाड़ी महेला जयवर्धने 2017 से मुंबई के हेड कोच रहे थे। अब उनको ग्लोबल हेड ऑफ परफॉरमेंस का पद संभालने की जिम्मेदारी दी गई है। पिछले I P L सीजन तक मुंबई इंडियंस के डायरेक्टर ऑफ क्रिकेट ऑपरेशन्स रहे जहीर खान को ग्लोबल हेड ऑफ क्रिकेट डेवलपमेंट के पद पर नियुक्त किया गया है। जहीर और जयवर्धने दोनों ही इस ग्रुप की तीनों टीमें मुंबई इंडियंस, MI केपटाउन और MI Emirates की जिम्मेदारी संभालेंगे।

जहीर और जयवर्धने को बड़ी जिम्मेदारी मिलने के बाद सबसे ज्यादा बार IPL ट्रॉफी जीतने वाली मुंबई के हेड कोच का पद खाली था। इस पद की दौड़ में सबसे आगे मार्क बाउचर थे।

**बाउचर की कोचिंग में साउथ अफ्रीका का परफॉरमेंस**

दिसंबर 2019 में मार्क बाउचर ने साउथ अफ्रीका टीम के हेड कोच की जिम्मेदारी संभाली थी। उनके कोच रहते साउथ अफ्रीका की टीम ने 10 टेस्ट मैच, 23 टी-20 और 12 वनडे मैच जीते हैं। इसी साल साउथ अफ्रीका की टीम ने एक टेस्ट सीरीज में भारत को 2-1 से शिकस्त दी थी।

**पंजाब किंग्स ने अनिल कुंबले को हेड कोच के पद से हटाया**

पंजाब के नए कोच ट्रेवर बेलिस ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, 'पंजाब किंग्स के हेड कोच की जिम्मेदारी मिलने से मैं सम्मानित महसूस कर रहा हूं। एक फ्रेंचाइजी जिसमें सफलता की भूख है। ट्रॉफी जीतने के लिए तत्पर इन खिलाड़ियों के टैलेंटेड स्क्वाॅड के साथ काम करने के लिए मैं उत्सुक हूं।'

बता दें कि अनिल कुंबले की कोचिंग में पंजाब की टीम कुछ खास प्रदर्शन नहीं कर पा रही थी। वो IPL 2022 में प्ले ऑफ में भी नहीं पहुंच पाई थी।

# भारत vs पाक एशिया कप सुपर-4 मैच ने तोड़ा रिकॉर्ड

## वर्ल्ड कप के बाद सबसे ज्यादा देखा जाने वाला टी-20 मैच बना

एशिया कप के सुपर-4 में भारत और पाकिस्तान के बीच दुबई में खेले गए मैच ने अपने नाम एक रिकॉर्ड दर्ज कराया है। यह वर्ल्ड कप के बाद अब तक का सबसे ज्यादा देखा जाने वाला टी-20 मैच बन गया है। टूर्नामेंट के ऑफिशियल ब्रॉडकास्टर स्टार स्पोर्ट्स ने जारी बयान में कहा है कि 4 सितंबर को एशिया कप के सुपर-4 में भारत और पाकिस्तान के बीच खेले गए मैच को 5 करोड़ 74 लाख लोगों ने देश में देखा है। वहीं अगर फाइनल को छोड़ दिया जाए, तो टूर्नामेंट के बाकी मैचों को 24 करोड़ 30 लाख लोगों ने देखा। जबकि पिछले साल UAE में हुए टी-20 वर्ल्ड कप में टीम इंडिया के मैचों और फाइनल को छोड़कर बाकी मैचों को 11 करोड़ 30 लाख लोगों ने देखा था।



**पाकिस्तान ने भारत को 5 विकेट से हराया था**

दरअसल एशिया कप के ग्रुप स्टेज में भारत ने पाकिस्तान को हराया था। वहीं सुपर-4 में 4 सितंबर को भारत और पाकिस्तान के बीच खेले गए मैच में पाकिस्तान ने भारत को 5 विकेट से हरा दिया था। भारत के 182 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए पाकिस्तान ने 5 विकेट के नुकसान पर एक गेंद शेष रहते टारगेट को हासिल कर लिया था। पाकिस्तान की ओर से मोहम्मद रिजवान ने 51 गेंदों पर 71 रन बनाए थे। उन्होंने अपनी पारी में 6 चौके और 2 छक्के भी जड़े थे। वहीं मोहम्मद नवाज ने 20 गेंदों पर 42 रन बनाए थे। उन दोनों के बीच तीसरे विकेट के लिए 73 रन की साझेदारी हुई थी।




**एशिया कप को श्रीलंका ने जीता**

एशिया कप के फाइनल में श्रीलंका ने पाकिस्तान को 23 रन से हरा दिया। टीम 2014 के बाद इस मेगा टूर्नामेंट की चैंपियन बनी है। यह श्रीलंका का छठवां टाइटल है। इससे पहले उसने 2014, 2008, 2004, 1997,1986 में यह खिताब जीता था। पहले बल्लेबाजी करते हुए श्रीलंका ने 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 170 रन बनाए थे। जवाब में पाकिस्तान की टीम 20 ओवर में 147 रन पर ऑल-आउट हो गई। श्रीलंका के लिए सबसे ज्यादा 4 विकेट प्रमोद मदुशन ने लिए। वहीं, वानिंदु हसरंगा को 3 सफलता मिली।




# US में शराब ज्यादा पीने से मौतें 25% बढ़ीं

## लोगों की मांग- शराब पर टैक्स को बढ़ाया जाए; सरकार के राजस्व में 8% का इजाफा




अमेरिका में शराब पीने के परिवार उजड़ रहे हैं। वहां साल 2020 में शराब से होने वाली मौतों में 25 फीसदी का इजाफा हुआ। 2019 में शराब के चलते 78,927 लोगों की मौत हुई थी। 2020 में ये आंकड़ा 99,017 तक पहुंच गया। ज्यादातर मौतें अत्यधिक शराब पीने से हुई हैं। ऐसी मौतें अब चिंता का कारण बन गई हैं। इन्हें रोकने के लिए लोग नई नीति लाने और शराब पर टैक्स बढ़ाने की मांग कर रहे हैं। हालांकि, इस शराबखोरी का दूसरा पक्ष ये भी है कि अमेरिकी प्रशासन को इससे फायदा हुआ है। साल 2021 में ट्रेजरी विभाग ने 2020 की तुलना में 8% ज्यादा राजस्व बटोरा।

जहां शराब पर टैक्स कम, वहां मौतें ज्यादासाल 2021 में ओरेगन राज्य में 2,153 लोगों की मौत शराब से हुई। यह उन राज्यों में शामिल है, जहां शराब पर लगने वाला टैक्स सबसे कम 3 फीसदी है। मौतों में इजाफे की एक और वजह यह है कि ओरेगन में कॉकटेल को घर पर मंगवाने और होटल से बाहर ले जाने पर लगा प्रतिबंध भी हटा लिया गया, इससे खपत बढ़ गई। जबकि, इससे पहले शराब की होम डिलीवरी पर रोक थी। इस पाबंदी को 50 में 28 राज्यों ने हटा दिया।

टैक्स बढ़ने के साथ शराब पीने की मात्रा में आती है कमी

अल्कोहल एंड ड्रग पॉलिसी कमीशन के निदेशक रेजिनाल्ड रिचर्डसन का मानना है कि शराब से बढ़ती मौतों को अनदेखा नहीं कर सकते। कनाडा के इंस्टीट्यूट ऑफ सब्सटेंस यूज रिसर्च के निदेशक डॉ. टिम नैमी का कहना है कि हमें शराब से जुड़ी मौतों को कम करने के लिए सही नीति की जरूरत है। अलेक्जेंडर वेगेनर और उनकी टीम ने एक शोध में पाया कि शराब पर ज्यादा टैक्स लगाने की स्थिति में लोग शराब पीना कम कर देते हैं। इससे कार हादसे और शराब से जुड़ी बीमारियों में भी खासी कमी आती है।

# इमरान खान बोले, पाकिस्तान में आटा 100 रुपए लीटर:सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल; ट्रोलर्स ने पूछा- बोतल में आटा खरीदते हो क्या?

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने दावा किया है कि देश में आटा 100 रुपए लीटर पहुंच गया है। इमरान खान के इस बयान के बाद सोशल मीडिया में उन्हें खूब ट्रोल किया जा रहा है। आमतौर पर आटे का वजन किलोग्राम में किया जाता है, लेकिन इमरान खान ने इसे लीटर में बताया है।

महंगाई को लेकर दे रहे एक भाषण में इमरान खान ने कहा कि आम आदमी को जिससे सबसे ज्यादा तकलीफ हो रही है, वो है आटा। आटा दोगुना हो गया है। हमारे दौर में एक किलो आटा 50 रुपए था, आज वो कराची में 100 रुपए लीटर से ऊपर चला गया है।

**स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव की तुरंत जरूरत: इमरान खान**

सत्ता से बेदखल होने के बाद इमरान खान लगातार मौजूदा शाहबाज शरीफ सरकार को घेरने में लगे रहते हैं। चाहे देश में कर्ज की बात हो या फिर देश में बढ़ रही महंगाई की बात हो, इमरान हर एक मुद्दे को लोगों के बीच बड़ी ही बारीकी से रखते हैं।



इमरान खान ने महंगाई पर भाषण दे रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि अगर हम देश को कलह और अराजकता से बचाना चाहते हैं, तो स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव की तुरंत घोषणा करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि मुझे दूसरा डर यह है कि जब तक पाकिस्तान में राजनीतिक स्थिरता नहीं आती, तब तक कोई आर्थिक स्थिरता नहीं हो सकती।

**इमरान बोले, चुनाव की देरी से देश को नुकसान**

इमरान खान ने कहा कि इलेक्शन में हो रही देरी से देश को नुकसान हो रहा है। अगर किसी को लगता है कि चुनावों में देरी के कारण हमारी पार्टी PTI नुकसान का सामना कर रही है, तो मैं दावा कर सकता हूं कि पाकिस्तान के इतिहास में कभी भी किसी राजनीतिक दल की इतनी लोकप्रियता नहीं थी,

# पुतनि की कार को बम से उड़ाने की कोशिश:रूसी राष्ट्रपति के काफिले को एंबुलेंस ने रोका; सिक्योरिटी सर्विसेस के कई गाड्र्स सस्पेंड

रूस-यूक्रेन जंग के बीच रूसी राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन पर जानलेवा हमला किया गया है। हमले में पुतिन बाल-बाल बच गए। हालांकि, रूस ने इस बात की आधिकारिक रूप से पुष्टि नहीं की है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, पुतिन की लिमोजिन कार के पास बम फेंका गया। इसके बाद धमाके की तेज आवाज सुनाई दी। हमला कब और कहां हुआ इसकी जानकारी फिलहाल नहीं दी गई है।

**घर लौट रहे थे पुतिन**

मीडिया रिपोर्ट में दावा किया गया कि पुतिन अपनी लिमोजिन कार से घर लौट रहे थे। तभी उन पर जानलेवा हमला हुआ। पुतिन की कार को 5 गाड़ियां एस्कॉर्ट कर रही थीं। पहली गाड़ी को एक एंबुलेंस ने



रोक दिया। इसके बाद दूसरी गाड़ी को भी ब्लॉक कर दिया गया। पुतिन तीसरी गाड़ी में बैठे थे। उनकी गाड़ी के लेफ्ट टायर के पास तेज धमाका हुआ और धुआं उठने लगा। उनके सिक्योरिटी गाड्र्स तुरंत एक्शन में आए और पुतिन को सुरक्षित तरीके दूसरी जगह ले जाया गया।

दो महीने पहले भी हुई थी पुतिन को मारने की कोशिश

यूक्रेन के एक अधिकारी ने दावा किया था कि दो महीने पहले यानी मई में पुतिन की हत्या की कोशिश हुई थी। इसमें वो बच गए थे। यूक्रेन के इंटेलिजेंस डायरेक्टोरेट के चीफ काइरिलो बुडानोव ने कहा था- पुतिन को जान से मारने की नाकाम कोशिश 2 महीने पहले की गई थी।

आत्मघाती हमला होने की आशंका

एक रूसी टेलीग्राम चैनल के मुताबिक- ये हमला आत्मघाती हो सकता है। क्योंकि जिस एंबुलेंस ने पुतिन के काफिले की पहली कार को रोका था उसका ड्राइवर मृत पाया गया। उसकी डेडबॉडी मिली। वहीं, पुतिन को एस्कॉर्ट कर रही इस पहली कार में मौजूद 3 लोग लापता हो गए।

हिरासत में पुतिन का हेड बॉडीगॉर्ड

रूसी टेलीग्राम चैनल ने ये दावा किया कि पुतिन के हेड बॉडीगॉर्ड समेत कई गॉड्र्स को सस्पेंड करके हिरासत में लिया गया है। पुतिन के मूवमेंट की जानकारी उनकी सिक्योरिटी सर्विसेस के अलावा किसी को नहीं थी। इसलिए गॉड्र्स को सस्पेंड करने का फैसला लिया गया।

6 महीने में पुतिन के 7 करीबियों की मौत

**पुतिन के अपने ही कर रहे उनका विरोध**

यूक्रेन पर हमले के बाद से ही पुतिन रूसी अधिकारियों और लोगों की विरोध झेल रहे हैं। UN में रूस के डिप्लोमैट बोरिस वोन्देरेव ने सिक्योरिटी काउंसिल के पद से इस्तीफा दे दिया था। जंग की 28वें दिन पुतिन के सीनियर एडवाइजर एंतोली चुबाइस ने पद से इस्तीफा दे दिया था।

**यूक्रेन के प्रेसिडेंट जेलेंस्की भी कार एक्सीडेंट में घायल**

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोल्दोमिर जेलेंस्की कार एक्सीडेंट में घायल हो गए हैं।



# अर्जुन कपूर ने खुद को बताया अंडररेटेड एक्टर

बॉलीवुड एक्टर अर्जुन कपूर ने हाल ही में खुद को अंडररेटेड एक्टर बताया है। एक इंटरव्यू में अर्जुन ने कहा कि लोग उन्हें एक्टिंग में कम आंकते हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि लोगों को लगता है कि वो बस मेनस्ट्रीम फिल्मों में ही एक्टिंग कर सकते हैं। अर्जुन ने कहा कि वो ऑफ कैमरा भी एक फिल्मी एटीट्यूड रखते हैं, लेकिन वो सिनेमा का बहुत सम्मान करते हैं। अर्जुन ने कहा, 'मुझे लगता है कि मैं एक अंडररेटेड एक्टर हूं। जब बात परफॉर्मेंस की आती है तो लोग मुझे कम आंकते हैं। लोगों को लगता है कि मेनस्ट्रीम एक्टर हूं। लेकिन मुझे लगता है कि यह इस बिजनेस का कल्चर और नेचर है। क्योंकि आप जिस तरह की फैमिली से आते हैं। आपका ऑफ कैमरा व्यवहार फिल्मी होता है और मैं इस तरह का ही हूं। इसलिए हो सकता है कि आपके लिए सिनेमा की प्योरिटी के लिए सम्मान की इम्पोर्टेंस अलग और ज्यादा हो।'



# रणवीर सिंह के न्यूड फोटो के साथ की गयी थी छेड़छाड़

**न्यूड फोटोशूट** मामले में रणवीर सिंह की मुश्किलें तब ज्यादा बढ़ गयी जब उनके खिलाफ अश्लीलता मामले में शिकायत दर्ज करवायी गयी। इस मामले में पुलिस ने अपनी पूछताछ जारी रखते हुए रणवीर सिंह का बयान भी दर्ज किया। मामले को लेकर रणवीर सिंह ने अपनी सफाई में कहा है कि उनकी कुछ तस्वीरों का मॉफ्ड यानी कि उनसे छेड़छाड़ की गयी थी। मुंबई पुलिस द्वारा न्यूड फोटोशूट मामले में रणवीर सिंह का बयान दर्ज करने के कुछ दिनों बाद, गुरुवार को यह खुलासा हुआ कि अभिनेता ने दावा किया कि किसी ने उनकी एक तस्वीर के साथ छेड़छाड़ की। एक्टर के मुताबिक फोटो को उस तरह से शूट नहीं किया गया था जैसा दिखाया जा रहा है। पुलिस ने 29 अगस्त को रणवीर सिंह का बयान दर्ज किया था और अब इसकी पुष्टि कर रही है।

## मामला क्या है?

बाजीराव मस्तानी अभिनेता रणवीर सिंह पर भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 292, 294 और सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) अधिनियम की धारा 509 और 67 (ए) के तहत अश्लीलता का मामला दर्ज किया गया था। उसके खिलाफ चेंबूर पुलिस स्टेशन में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। पुलिस को मिली शिकायत में रणवीर सिंह पर 'महिलाओं की भावनाओं को ठेस पहुंचाने' का आरोप लगाया गया था. शिकायतकर्ता ने कहा कि अभिनेता ने महिलाओं की भावनाओं को आहत किया और अपनी तस्वीरों के माध्यम से उनके शील का अपमान किया। जुलाई में [illegible]पत्रिका के साथ अपना फोटोशूट जारी होने के बाद से अभिनेता विवादों की एक श्रृंखला में शामिल रहे हैं। तस्वीरें रातों-रात वायरल हो गईं, कई लोगों ने उनकी आलोचना भी की, जबकि अन्य लोगों ने अभिनेता के साहसिक कदम की सराहना की।



# बिग बॉस 16 के लिए सलमान खान ने बढ़ाई फीस

टीवी का कॉन्ट्रोवर्शियल रियलिटी शो 'बिग बॉस 16' जल्द ही अपने नए सीजन के साथ वापसी करने वाला है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक शो के होस्ट सलमान खान इस सीजन के लिए 15वें सीजन से तीन गुना ज्यादा फीस चार्ज कर रहे हैं। हालांकि मेकर्स ने अभी तक इस खबर की पुष्टि नहीं की है। रिपोर्ट में दावा किया जा रहा है कि सलमान खान इस सीजन के लिए तकरीबन 1000 करोड़ रुपए चार्ज कर रहे हैं। ये खबर सुनने के बाद लोग कह रहे हैं कि सलमान इस साल सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म 'केजीएफ: चैप्टर 2' के बजट से 10 गुना ज्यादा फीस ले रहे हैं। बता दें यश स्टारर इस फिल्म को तकरीबन 100 करोड़ रुपए के बजट में बनाया गया था। वहीं इसने बॉक्स ऑफिस पर करीब 1000 करोड़ रुपए की कमाई की थी। इस लिहाज से सलमान खान साल की ब्लॉकबस्टर फिल्म के बजट से 10 गुना ज्यादा फीस ले रहे हैं।

# अजय देवगन की 'थैंक गॉड' के खिलाफ यूपी में केस दर्ज

डायरेक्टर इंद्र कुमार की आगामी फिल्म 'थैंक गॉड' मुश्किल में आ गई है। इस फिल्म में मुख्य किरदार के रुप में रकुलप्रीत, सिद्धांत और अजय देवगन नजर आएंगे। वकील हिमांशु श्रीवास्तव ने जौनपुर कोर्ट में डायरेक्टर इंद्र कुमार, एक्टर अजय देवगन और सिद्धार्थ मल्होत्रा के खिलाफ केस दर्ज कराया है। याचिकाकर्ता का बयान 18 नवंबर को दर्ज किया जाएगा। याचिकाकर्ता के अनुसार, फिल्म का ट्रेलर जो रिलीज हो चुका है, उसमें धर्म का मजाक उड़ाया गया है और धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाता है। अपनी याचिका में श्रीवास्तव ने कहा कि, अजय देवगन सूट पहने हुए चित्रगुप्त का किरदार निभाते नजर आ रहे हैं और एक सीन में वह चुटकुले सुनाते और आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल करते नजर आ रहे हैं। याचिका में कहा गया है, 'चित्रगुप्त को कर्म का देवता माना जाता है और वह एक आदमी के अच्छे और बुरे कर्मों का रिकॉर्ड रखता है। देवताओं का ऐसा चित्रण एक अप्रिय स्थिति पैदा कर सकता है क्योंकि यह धार्मिक भावनाओं को आहत करता है।' फिल्म 'थैंक गॉड' 24 अक्टूबर को रिलीज होने वाली है।






# जिम में पसीना बहाती दिखीं रश्मि देसाई

टीवी एक्ट्रेस रश्मि देसाई आए दिन सोशल मीडिया पर अपने फोटो और वीडियो शेयर करती रहती हैं। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपना लेटेस्ट वर्कआउट वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया है। इस वीडियो में रश्मि जिम में कड़ी मेहनत करती हुई नजर आईं। रश्मि ने वीडियो शेयर कर कैप्शन में लिखा, 'मी टू मी, नो पेन नो गेन'। सोशल मीडिया पर रश्मि के इस लेटेस्ट वीडियो को काफी पसंद किया जा रहा है। उनके इस वर्कआउट वीडियो पर फैन्स जमकर लाइक और कमेंट कर रहे हैं।

# सारा-जान्हवी दोस्त के साथ-साथ बनीं को-एक्टर्स

बॉलीवुड एक्ट्रेस सारा अली खान और जान्हवी कपूर बॉलीवुड में सबसे अच्छी दोस्तों में से एक हैं। हाल ही में उन्होंने सोशल मीडिया पर एक साथ फोटो शेयर की है। फोटो देख ऐसा लग रहा है कि दोनों जल्द ही किसी नए प्रोजेक्ट में साथ नजर आने वाली हैं। जहां सारा ने अपनी एक डरावनी, वहीं जान्हवी ने मुस्कुराते हुए फोटो शेयर की है। सारा ने इस फोटो को शेयर कर लिखा, 'कॉफी बनाने से लेकर अब तक को-एक्टर्स के रूप में हमने शूट किया। रुकें और हमें देखें- हमें बताएं कि आपने क्या सोचा?' वहीं जान्हवी ने फोटो शेयर कर लिखा, 'ट्रैवल एडवेंचर्स, कॉफी डेट्स और अब को-स्टार्स!' अगर दोनों वाकई में किसी प्रोजेक्ट में साथ नजर आने वाले हैं, तो ये उनके फैंस के लिए खुशखबरी होगी। बता दें हाल ही में दोनों एक्ट्रेसेस को कॉफी विद करण में साथ देखा गया था।



# एक टेक्नोग्रही बनें



आर्किटेक्ट धीरज सल्होत्रा
(प्रधान अध्यापक)
ठाकुर स्कूल ऑफ आर्किटेक्चर एंड प्लानिंग, मुंबई

MoHUA ने ग्लोबल हाउसिंग टेक्नोलॉजी चैलेंज - इंडिया (GHTC-India) की शुरुआत की है, जिसका उद्देश्य, आवास निर्माण क्षेत्र के लिए दुनिया भर से नवीन निर्माण प्रौद्योगिकियों की एक पहचान करना और उसे मुख्यधारा में लाना है, जो टिकाऊ, पर्यावरण के अनुकूल और आपदा-लचीले हैं।

सरकार ने सीखने के लिए जीवित प्रयोगशालाओं के रूप में 1000 घरों (इंदौर, रांची, अगरतला, लखनऊ, राजकोट और चेन्नई) में से प्रत्येक की छह लाइटहाउस (L.H.P.) परियोजनाएं शुरू की हैं, जिससे बुजुर्गों को प्रौद्योगिकी के हस्तांतरण और इसके आगे की प्रतिकृति की सुविधा मिलती है। लाइव प्रयोगशालाओं का उद्देश्य बड़े पैमाने पर नागरिक भागीदारी को प्रोत्साहित करना और तकनीकी सीखने के लिए तकनीकी जागरूकता पैदा करना, समाधान के लिए विचार खोजना, प्रयोग करना और नवाचार को प्रोत्साहित करना है।

L.H.P. मॉडल हाउसिंग प्रोजेक्ट हैं जो निर्माण क्षेत्र में नए जमाने की तकनीकों, सामग्रियों और प्रक्रियाओं के सर्वोत्तम उपयोग को प्रौद्योगिकियों के परिवर्तन एजेंट हैं जो देश में इसे अपनाने और प्रतिकृति के लिए निर्माण क्षेत्र में प्रौद्योगिकी संक्रमण लाएंगे। वे आत्मनिर्भर भारत के विजन को पूरा करने के लिए नए शहरी भारत के लिए शहरी परिदृश्य को बदलने के लिए उत्प्रेरक के रूप में कार्य करेंगे। एलएचपी में नवीन प्रौद्योगिकियों के उपयोग के



प्रदर्शित करते हैं। व्यापक पैमाने पर ज्ञान प्रसार और जागरूकता पैदा करने के लिए, मंत्रालय आवास निर्माण में नवीनतम तकनीक के उपयोग को सीखने के लिए सभी हितधारकों के लिए गतिविधियों की एक श्रृंखला आयोजित कर रहा है, जिसे शहरी परिवर्तन के दृष्टिकोण को संबोधित करने के लिए अन्य आवास या रियल एस्टेट परियोजनाओं में आगे दोहराया जा सकता है।

टेक्नोग्राही अभिनव और टिकाऊ विभिन्न चरणों के साथ-साथ ऑफसाइट कार्यशालाओं/वेबिनार, वेबकास्टिंग, तकनीकी जानकारी/मॉड्यूल आदि पर परामर्श के माध्यम से प्रौद्योगिकीग्राहियों को ऑनसाइट गतिविधियों के माध्यम से नवीन निर्माण प्रौद्योगिकियों से अवगत कराया जाएगा।

ghtc-india.gov.in पर उपलब्ध एक सरल ऑनलाइन प्रक्रिया के माध्यम से खुद को टेक्नोग्रही के रूप में नामांकित कर सकते हैं।

# मनपा मीरा भाईंदर द्वारा अभियंता दिवस मनाया गया

संवावदाता। भाईदंर देश के महान इंजीनियर व भारत रत्न मोक्षगुडंम विश्वेश्वरैया कीजयंती के अवसर पर मीरा भायंदर मनपा के कमिश्नर की उपस्थिती मे मुख्यालय पर विश्व अभियंता दिवस मनाया गया। भारत में हर वर्ष 15 सितम्बर को अभियंता दिवस के रूप मे अपने महान अभियन्ताओं को याद करके उनके लिए पुष्पाजंलि कर याद करता है। इस कार्यक्रम मे आयुक्त द्वारा मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया की छवि पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रमका शुभारंभ किया गया। कमिश्नर ने सभी इंजीनियर्स को शहर के मूर्तिकार बताते हुए संबोधित किया। और साथ ही सभी इंजीनियर्स को गुलदस्ता देकर सम्मानित किया गया।इस अवसर पर अतिरिक्त मनपा अभियंता सुरेश वाकोड़े ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि मनपा की प्रगति में इंजीनियर किसी शिल्पकार की भूमिका निभाते हैं।



इस आयोजन की सभी योजना जलआपूर्ति एवं सीवेज विभाग के अधिशासी अभियंता शरद नानेगांवकर ने सभी उपस्थित इंजीनियर्स में उत्साह भरा। अधिशासी अभियंता,निर्माण विभाग नितिन मुकाने, साथ ही लोक निर्माण विभाग, जल आपूर्ति विभाग से सभी उप अभियंता, शाखा अभियंता एवं कनिष्ठ अभियंताओं का विभाग कार्यक्रम में पालिका मुख्यालय मे मौजूद रहा।

# दुनिया के दूसरे सबसे अमीर शख्स बने गौतम अदाणी



मुंबई, गौतम अदाणी दुनिया के दूसरे सबसे अमीर व्यक्ति बन गए हैं। अब दुनिया के सबसे अमीर शख्स एलन मस्क के बाद गौतम अदाणी का नंबर है। फोर्ब्स रियल टाइम बिलेनियर इंडेक्स के अनुसार उन्होंने यह मुकाम दूसरे स्थान पर रहे बर्नार्ड अर्नाल्ट को पीछे छोड़कर हासिल किया है। ब्लूमबर्ग के अरबपति सूचकांक के अनुसार 60 साल के गौतम अदाणी की कुल संपत्ति 155.2 अरब डॉलर है। बर्नार्ड अर्नाल्ट की संपत्ति भी 155.2 अरब डॉलर है। वहीं लिस्ट में पहले स्थान पर काबिज टेस्ला के प्रमुख व दुनिया के सबसे धनी एलन मस्क की नेटवर्थ 273.5 अरब डॉलर है, जबकि, अमेजन के संस्थापक व सीईओ जेफ बेजोस की 149.7 अरब डॉलर है।

अदाणी समूह की नेटवर्थ 2022 में लगातार बढ़ी है। अदाणी की नेटवर्थ में 4.9 अरब डॉलर की बढ़ोतरी हुई। इस साल जनवरी से अब तक अदाणी की संपत्ति में 60.9 अरब डॉलर से अधिक का इजाफा हुआ है।

गौतम अदाणी ने पिछले माह माइक्रोसॉफ्ट के प्रमुख बिल गेट्स को पछाड़ दिया था। बिल गेट्स की नेटवर्थ घटकर 117 अरब डॉलर रह गई है।

# मुंबई–ठाणे समेत महाराष्ट्र के कई इलाकों में मूसलाधार बारिश, ऑरेंज अलर्ट जारी



मुंबई, मुंबई, ठाणे, पालघर, रायगढ़ में आज सुबह से ही मूसलाधार बरसात हो रही है। जगह-जगह सड़कों में पानी भर गया है। वेस्टर्न, सेंट्रल और हार्बर- इन तीनों लाइनों में लोकल ट्रेनें देरी से चल रही हैं। मौसम विभाग ने ऑरेंज अलर्ट जारी किया हुआ है। सिर्फ मुंबई, ठाणे, कल्याण और इसके आसपास ही नहीं बल्कि महाराष्ट्र के कई इलाकों में कल रात से ही मूसलाधार बरसात हो रही है। मुंबई के भातसा डैम ओवरफ्लो हो गया है और इससे पानी छोड़ा जा रहा है। मुंबई में लोकल ट्रेनें 15 से 20 मिनट की देरी से चल रही है। मौसम विभाग ने मुंबईकरों से सतर्क रहने की अपील की है। मुंबई से सटे भिवंडी इलाके में तीन बत्ती सब्जी मार्केट में घुटनों तक पानी भर गया है। नासिक और पुणे में भी जोरदार बारिश हो रही है। पुणे में खड़कवासला डैम से मुठा नदी का पानी छोड़ा जा रहा है। पुणे में भी ऑरेंज अलर्ट जारी (Orange alert issued) किया गया है। नासिक में भी गोदावरी नदी का जल स्तर बढ़ गया है। गांगापुर डैम से 7 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। नासिक की गोदावरी नदी में इस साल चौथी बार बाढ़ की हालत पैदा हो गई है। दुतांडे मारुति के कमर तक पानी भर आया है। नांदूर मधमेश्वव डैम से भी जायकवाडी की तरफ पानी छोड़ा जा रहा है।

# मनपा द्वारा फायर विभाग के लिए 2 दिन की कार्यशाला आयोजित

- साइटेज लाइफ प्रशिक्षण संस्थान
- नासिक के साथ संयुक्त रूप से 15 और 16 को कार्यशाला प्रशिक्षण



संवावदाता। भाईदंरमीरा भाईंदर मनपा फायर ब्रिगेड के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को व्यक्तित्व विकास के लिए एम. सीएसएस जैसे विषय पर 2 दिवसीय कार्यशाला का आयोजन मीरा भाईंदर मनपा और सैटेज लाइफ प्रशिक्षण संस्थान नासिक के तत्वावधान मे आयोजित किया गया है इसमे सभी अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए व्यक्तित्व विकास और समग्रगुणवत्ता विकास के लिए साइटेज लाइफ प्रशिक्षण संस्थान नासिक के साथ संयुक्त रूप से विशेष तकनीकी और प्रशिक्षण एमसीएसआर विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का आयोजन 2 दिन 15 सितम्बर व 16 सितम्बर तक चलेगा। इस 2 दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ 15 सितम्बर को आयुक्त दिलीप ढोले द्वारा किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त (मुख्यालय) मारुति गायकवाड़,अग्नि विभाग अधिकारी प्रकाश बोराडे, साइटज लाइफ ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट से निदेशक डॉ.अजीत आव्हाड,डायरेक्टर रूपाली आव्हाड, कोच राजेश खामकर सहित समस्त मनपा कार्यरत फायर अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।कार्यशाला का विशेष उद्देश्य मीरा भाईंदर अग्निशमन विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों की सोच शैली, दक्षता व गुणवत्ता में परिवर्तन लाना है। मीरा भाईंदर मनपा अग्निशमन विभाग केअधिकारी व कर्मचारी आपदा के समय तनावपूर्ण से निपटने और वर्कशॉप मे तनाव प्रबंधन, समय प्रबंधन,आत्मविश्वास निर्माण, संगठन में संबंधों को पोषित करने और सामाजिक लेवी के लिए है। लक्ष्य निर्धारण, संस्थान का विकास, सामाजिक स्तर पर महाराष्ट्र सिविल फायर अधिकारियों और कर्मचारियों का सेवा नियमों के महत्वपूर्ण विषयों पर मार्गदर्शन दिया जाएगा। कमिश्नर ने सभी अग्निशामकों एवं कर्मचारियों से अपील की कि इस विशेष 2 दिवसीय कार्यशाला में प्रशिक्षकों द्वारा दिए गए प्रशिक्षण का लाभ जरूर उठाएं।

# भारतीय स्वच्छता लीग इंटरसिटी प्रतियोगिता की रूपरेखा के लिए बैठक



संवावदाता। भाईदंर मीरा भाईंदर मनपा भारतीय स्वच्छता लीग को सफल बनाने के लिए सभी राजनीतिक दलों को शामिल करने की अपील कर रहा है गत 15 सितम्बर को मीरा भाईंदर मनपा आयुक्त दिलीप ढोले की अध्यक्षता में सभी राजनीतिक दलों के विधायक, नगरसेवक,नगरसेविका,मनपा की समीक्षा बैठक इंडियन स्वच्छता लीग के इंटरसिटी प्रतियोगिता के तहत आयोजित की गई। बैठक के लिए अतिरिक्त आयुक्त संभाजी पानपट्टे, उपायुक्त (सर्व स्वास्थ्य) रवि पवार राजनीतिक दल के नेता रहे मौजूद मीरा भाईंदर मनपा द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के तहत विभिन्न गतिविधियों को 17 सितम्बर को लागू किया जाएगा। मीरा भायंदर मनपा आयुक्त ने इस पहल में अधिक से अधिक नागरिकों के साथ-साथ राजनीतिक दलों को शामिल करने के लिए आयुक्दित दिलीप ढोले की अगुवाई मे 17 सितम्बर को होने वाले कार्यक्रम की रुपरेखा आमंत्रित की गई साथ ही केंद्र सरकार की आधिकारिक वेबसाइट https://innovateindia.mygov.inswachhyouthrally पर भी रजिस्टर कर कार्यक्रम में ज्यादा लोगो की सक्रियता होने की अपील की गयी है वार्ड दर वार्ड भी इस बारे में जागरूकता बढ़ाने और नागरिकों की भागीदारी बढ़ाने की कोशिश मनपा द्वारा किया जा रहा है। आयुक्त ढोले की तरफ से निवेदन किया गया मीरा भाईंदर शहर का जन जन इस कचरे के खिलाफ लड़ाई में शामिल हों। इंडियन स्वच्छता लीग दिनांक 17 सितम्बर 2022 शनिवार को नियत है। Registration link : https://innovateindia.mygov.in/swachhyouthrally/

# मध्य रेल में हिंदी पखवाड़ा दिवस

## हिंदी गृह पत्रिका रेल सुरभि के अंक -31 राजभाषा विशेषांक का विमोचन भी संपन्न

गणेश पाण्डेय। मुंबई मध्य रेल, राजभाषा विभाग द्वारा 14 सितम्बर को हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में अपर महाप्रबंधक आलोक सिंह की अध्यक्षता में हिंदी पखवाड़े का उद्घाटन समारोह तथा क्षेत्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 178वीं बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्यालय के अलग-अलग विभागों के प्रमुख विभागाध्यक्ष, मंडलों के अपर मंडल रेल प्रबंधक तथा कारखानों के कारख़ाना प्रबंधक उपस्थित थे। कार्यक्रम के प्रारंभ में अपर महाप्रबंधक आलोक सिंह के द्वारा से किया गया तथा ए. के. श्रीवास्तव, मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं प्रधान मुख्य सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर की प्रमुख उपस्थिति में दीप प्रज्ज्वलित कर हिंदी पखवाड़े का शुभारंभ किया गया तत्पश्चात अपर महाप्रबंधक के कर-कमलों से मुख्यालय राजभाषा विभाग की हिंदी गृह पत्रिका 'रेल सुरभि' के अंक -31 'राजभाषा विशेषांक' का विमोचन किया गया। कार्यक्रम के अगले चरण में अपर महाप्रबंधक द्वारा महाप्रबंधक अनिल कुमार लाहोटी के हिंदी दिवस संदेश, मुख्य राजभाषा अधिकारी ए. के. श्रीवास्तव द्वारा केंद्रीय रेल मंत्री तथा उप महाप्रबंधक (राजभाषा) विपिन पवार द्वारा केंद्रीय गृह मंत्री के हिंदी दिवस संदेशों का वाचन किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य राजभाषा अधिकारी ने कहा कि आज हिंदी दिवस है और आज से मुख्यालय में अलग-अलग प्रतियोगिताओं तथा कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने सभी



सदस्यों से इन प्रतियोगिताओं तथा कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर भाग लेने तथा अपने अधीनस्थ अधिकारियों तथा कर्मचारियों को भाग लेने के लिए प्रेरित करने का अनुरोध किया।

मध्य रेल पर राजभाषा के व्यापक प्रयोग-प्रसार के लिए किए जा रहे प्रयासों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य मध्य रेल को राजभाषा युक्त बनाना है। उन्होंने सभी सदस्यों से राजभाषा के प्रयोग के प्रति जागरूकता बरतने तथा फाइलों पर अधिक से अधिक कार्य हिंदी में करने का अनुरोध किया। तत्पश्चात अपर महाप्रबंधक आलोक सिंह ने अपने संबोधन में सभी सदस्यों को हिंदी दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सूचना-प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में हिंदी के बढ़ते हुए प्रयोग को ध्यान में रखते हुए हमें रेल संचालन के क्षेत्र में भी हमारी सभी इलेक्ट्रानिक प्रणालियों में हिंदी के प्रयोग पर विशेष ध्यान देना होगा। मुंबई की सुप्रसिद्ध साहित्यिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था 'आशीर्वाद' द्वारा मुख्य राजभाषा अधिकारी ए. के. श्रीवास्तव को हिंदी कार्यान्वयन के क्षेत्र में उनके द्वारा दिए गए उल्लेखनीय योगदान के लिए 'राजभाषा रत्न पुरस्कार' तथा रेलवे बोर्ड द्वारा 'रेल मंत्री राजभाषा रजत पदक' से सम्मानित किए जाने पर उन्होंने बधाई दी।

बैठक की कार्यवाही के अगले चरण में उप महाप्रबंधक (राजभाषा) द्वारा बैठक की कार्यसूची की विभिन्न मदों पर विस्तार से चर्चा की गई और सर्वसम्मति से मध्य रेल पर हिंदी का प्रयोग-प्रसार बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। अंत में उप महाप्रबंधक (राजभाषा) द्वारा सभी सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

# डॉ कृष्णा चौहान 2 अक्टूबर को आयोजित करने जा रहे हैं "महात्मा गांधी रत्न अवार्ड 2022"

## पुरुस्कार समारोह के बाद वह अपनी हिंदी फिल्म आत्मा डॉट कॉम की शूटिंग करेंगे शुरु




मुम्बई। अब अवार्ड फंक्शन्स के शोमैन के रूप में पहचाने जाने वाले डॉ कृष्णा चौहान 2 अक्टूबर 2022 को भव्य रूप से "महात्मा गांधी रत्न अवार्ड 2022" का आयोजन मुम्बई में दूसरी बार करने जा रहे हैं। इसका पोस्टर सोशल मीडिया पर आउट होते ही वायरल हो गया है। केसीएफ प्रस्तुत यह पुरस्कार समारोह मुम्बई में अंधेरी स्थित मेयर हॉल में 2 अक्टूबर 2022 को होगा। महात्मा गांधी रत्न अवार्ड 2022 से उन लोगों को सम्मानित किया जाएगा जिन्होंने समाज सेवा और मानव सेवा का उल्लेखनीय कार्य किया है। डॉ कृष्णा चौहान इस अवार्ड समारोह को लेकर काफी उत्साहित हैं।इस पुरस्कार समारोह के बाद डॉ कृष्णा चौहान अपनी अगली हॉरर थ्रिलर फिल्म 'आत्मा डॉट कॉम' की शूटिंग शुरू करने की तैयारी कर रहे हैं।बता दें कि डॉ कृष्णा चौहान न सिर्फ एक सफल बॉलीवुड डायरेक्टर हैं, एक्टिव सोशल वर्कर हैं बल्कि अवाड्र्स फंक्शन्स करने के मामले में सबसे चर्चित शख्सियत माने जाते हैं। उनका एक अवार्ड फंक्शन सम्पन्न होता है और वह अपने अगले पुरुस्कार समारोह की तैयारियों में लग जाते हैं।आपको बता दें कि डॉ कृष्णा चौहान का हिंदी अल्बम "ज़िक्र तेरा" हाल ही में रिलोज हुआ है और उनकी हिंदी फिल्म "आत्मा डॉट कॉम" अगले माह फ्लोर पर जाने वाली है, इसके संगीतकार दिलीपसेन हैं।




# एक नए नेशनल क्रिकेट बोर्ड 'इंडियन स्कूल्स बोर्ड फॉर क्रिकेट' की शुरूआत हैदराबाद में हुई

पूर्व भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान पद्मश्री दिलीप वेंगसरकर ने स्कूली क्रिकेटरों के लिए बनी,'इंडियन स्कूल्स बोर्ड फॉर क्रिकेट' की विधिवत घोषणा की है एक नए नेशनल क्रिकेट बोर्ड 'इंडियन स्कूल्स बोर्ड फॉर क्रिकेट'(आईएसबीसी)की शुरुआत की गई।आईएसबीसी एक गैर-लाभकारी संगठन है,जोकि पूरे भारत में युवा क्रिकेट प्रतिभाओं की तलाश और प्रशिक्षित करेगी,खास करके ग्रामीण इलाकों में छुपी और होनहार प्रतिभाओं को नया भविष्य और मौका देगी। जिसकी घोषणा के लिए हैदराबाद के होटल ताज कृष्णा में सोमवार १२ सितंबर २०२२ को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया था। जिसकी घोषणा और बोर्ड की जानकारी भारतीय क्रिकेट के दिग्गज, पूर्व कप्तान,मुख्य चयनकर्ता तथा इस बोर्ड के मुख्य सलाहकार पदमश्री दिलीप वेंगसरकर द्वारा किया गया। इस अवसर पर बोर्ड के फाउंडर व सीईओ



सुनील बाबू कोलनपाका,अध्यक्ष अंकेश राठौर, सेक्रेटरी पदम राज पारख तथा बोर्ड के सभी पदाधिकारी व सदस्यों ने उपस्थित रहकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई और कार्यक्रम को सफल बनाया। पूर्व क्रिकेटर दिलीप वेंगसरकर ने इस अवसर बोर्ड के लोगो का धन्यवाद किया और कहा," यह एक अच्छी पहल है।इससे हमारे युवा पीढ़ी के बच्चों को एक अच्छा अवसर व प्लेटफार्म मिलेगा। अच्छे व टैलेंट लोगों को सही दिशा मिलेगी,खासकर के जो ग्रामीण इलाकों में छुपी और वंचित प्रतिभाएं है,उनको सुनहरा मौका मिलेगा।"आईएसबीसी 2023/24 के लिए जुलाई/अगस्त के महीने से क्रिकेट गतिविधियां शुरू करेगा।के बाद दिसंबर 2022 में अनुसूची और भागीदारी की घोषणा की जाएगी। आईएसटीएल के तहत शैक्षिक छात्रवृत्तियां होंगी,भारत और विदेश में आईसीसी स्तर की अकादमियों में विशेषज्ञ क्रिकेट प्रशिक्षण शुरू करेगा।इन सदस्यों को सर्वसम्मति से आईएसबीसी के लिए चुना गया,जोकि 3 साल की अवधि के लिए है।अध्यक्ष अंकेश राठौर, उपाध्यक्ष संध्या अग्रवाल,वाई सुदर्शन बाबू,संग्राम लोंकर,सचिव पदम राज पारख ,संयुक्त सचिव मोहम्मद युसूफ ,डॉ. एस सेंथिल कुमार,कोषाध्यक्ष डी. श्रीनिवास रेड्डी,कार्यकारी समिति जयेश गांधी,वर्षा शर्मा,टी श्रीनिवास रेड्डी, सीएच विजय कुमार,अमित बोकाडिया,अध्यक्ष अभिषेक आवला (तेलंगाना),,संस्थापक-सीईओ सुनील बाबू कोलनपाका (तेलंगाना), प्रमुख संरक्षक भाजपा राज्यसभा सांसद डॉ के लक्ष्मण, संरक्षक जैतारण से भाजपा विधायक श्री अविनाश जी गेहलोत इत्यादि है।

यह हिन्दी साप्ताहिक मालक, मुद्रक, प्रकाशक - दिलीप नानजीभाई पटेल द्वारा 403, बिल्डिंग नं.1, रोशन नगर, एस.आर.ए, सी.एच.एस. लि. नियर गणेश मंदिर, ओशिविरा जोगेश्वरी (प्र) मुंबई 400102 से मुद्रित कर एस.आर. पब्लिकेशन एवं प्रिंटींग प्रेस, गाला नं.8/9/10, नीयर घरातन पाड़ा ऑपोजिट रामेश्वरम बिल्डिंग, वैशाली नगर लास्ट बस स्टोप टाईटल फ्रंट, दहिसर (पूर्व), मुंबई 400068 से प्रकाशित किया गया है। संपादकः दिलीप नानजीभाई पटेल, उप संपादकः किरीट अमृतलाल चावड़ा RNI No. MAHHIN/2020/78591 Mob: 7666090910 / 9574400445 Email : mumbaitarang@gmail.com / pateldilipuk2014@gmail.com वाद-विवाद का क्षेत्र मुंबई होगा।